▶▶ वर्ष : 35 ▶▶ अंक : 24 ▶▶ मुंबई, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026 ▶▶ RNI: MAHHIN/49994/91 ▶▶ मूल्य : 3 रुपए ▶▶ epaper.dobajedopahar.com ▶▶ संपादक : अरुण लाल ▶▶ संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## गेमिंग ऐप्स और सोशल मीडिया बना हथियार

जांच में यह बात सामने आई है कि आतंकी संगठनों ने अपनी रणनीति बदल ली है। अब युवाओं को विदेश बुलाने के बजाय भारत में ही रहकर हमले करने के लिए उकसाया जा रहा है। इसके लिए पब्जी जैसे ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है ताकि सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बचा जा सके।

- ओडिशा से मुंबई तक फैला आतंकी जाल
- ऑनलाइन कट्टरपंथी नेटवर्क में 5-6 नाबालिग भी शामिल
- दो संदिग्ध सहित मास्टरमाइंड 'बड़ा इमरान' गिरफ्तार
- जैश-ए-मोहम्मद के रिक्रूटर से जुड़े थे तार



### नाबालिगों का ब्रेनवॉश और 'ग़ज़वा-ए-हिंद' की बातें

इस नेटवर्क में 5-6 नाबालिग भी शामिल पाए गए हैं। 'ग़ज़वा-ए-हिंद', एनआरसी और बाबरी मस्जिद जैसे संवेदनशील मुद्दों का जिक्र कर युवाओं के मन में जहर भरा जा रहा था। चैट्स में भारतीय संविधान के खिलाफ 'खिलाफत' स्थापित करने और शरिया कानून लागू करने जैसी कट्टरपंथी बातें मिली हैं।

### परिवार का बेगुनाही का दावा

कुर्ला से पकड़े गए 18 वर्षीय हमाद के पिता जलालुद्दीन का कहना है कि उनका बेटा निर्दोष है और इस साल 12वीं की परीक्षा देने वाला था। पिता ने स्वीकार किया कि हमाद पिछले तीन साल से पब्जी खेलता था और अनजान लोगों से फोन पर लंबी बातें करता था, लेकिन उन्हें कभी शक नहीं हुआ। हालांकि, एटीएस को उसके मोबाइल से कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं। परिवार का कहना है कि हमाद पढ़ाई में सामान्य था और किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल होने की उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। पड़ोसियों के अनुसार भी वह शांत स्वभाव का लड़का था और अधिकतर समय घर पर ही रहता था। फिलहाल एटीएस मामले की गहराई से जांच कर रही है और बरामद दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आतंक की खतरनाक साजिश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और महाराष्ट्र एटीएस (ATS) की संयुक्त कार्रवाई ने देश की सुरक्षा में सेंध लगाने वाली एक बड़ी डिजिटल साजिश का पर्दाफाश किया है। 'बड़ा इमरान' नामक मास्टरमाइंड के इशारे पर चल रहे इस ऑनलाइन आतंकी मॉड्यूल ने अब 'खिलौना ट्रेन' को आईईडी (IED) का हथियार बनाने की खतरनाक योजना तैयार की थी। जांच एजेंसियों के अनुसार, इस पूरे नेटवर्क की कमान ओडिशा से गिरफ्तार 'बड़ा इमरान' संभाल रहा था। वह टेलीग्राम और सिग्नल जैसे एन्क्रिप्टेड ऐप्स के जरिए महाराष्ट्र और अन्य राज्यों के युवाओं को निर्देश दे रहा था। यह मॉड्यूल सीधे तौर पर जैश-ए-मोहम्मद के विदेशी हैंडलर्स के संपर्क में था।

▶▶ दिल्ली पुलिस और महाराष्ट्र एटीएस की संयुक्त कार्रवाई

▶▶ खिलौना ट्रेन में आईईडी फिट करने की थी साजिश

### कुर्ला और ठाणे में छापेमारी, डिवाइस विस्फोटक सामग्री बरामद

मुंबई के कुर्ला और ठाणे के खडावली में हुई छापेमारी में चौंकाने वाली चीजें मिली हैं। आरोपी हमाद सिद्दीकी और अन्य संदिग्धों ने आईईडी तैयार करने के लिए खिलौना ट्रेन, बिजली के तार और सर्किट का इस्तेमाल करने की कोशिश की थी। पुलिस ने इनके पास से कई डिजिटल डिवाइस और विस्फोटक बनाने की सामग्री जब्त की है।

# मंगलदायक मंगल




7 अप्रैल से दौड़ेंगी दो नई मेट्रो

देश की पहली पॉड टैक्सी का भूमिपूजन

▶▶ दहिसर से काशीगांव और डायमंड गार्डन से मंडाले का सफर होगा आसान

▶▶ टनल बोरिंग मशीन (TBM) से खुलेगा बोरीवली का रास्ता

धीरज सिंह | मुंबई

**मंगलवार का दिन मुंबई और आसपास के इलाकों के यात्रियों के लिए के लिए मंगलदायक होने वाला है। शहर में दो नई मेट्रो लाइनों की शुरुआत के साथ यात्रा और तेज़, आरामदायक और किफायती होने वाली है। मेट्रो लाइन 9 और मेट्रो लाइन 2बी (पहला चरण) का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सुनेत्रा पवार और परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की उपस्थिति में किया जाएगा।**

### ली बार ठाणे जिले में मेट्रो की एंट्री

मेट्रो लाइन 9 (दहिसर से काशीगांव) के शुरू होने के साथ ही मुंबई मेट्रो पहली बार ठाणे जिले के मीरा-भायंदर क्षेत्र तक पहुंचेगी। इससे इस क्षेत्र के हजारों यात्रियों को बड़ा फायदा मिलेगा। 4 .5 किमी लंबी मेट्रो लाइन 9, रेड लाइन (मेट्रो 7) का विस्तार है। इसके शुरू होने से मीरा रोड से अंधेरी पूर्व (गुंदवली) तक बिना ट्रेन बदले सीधे सफर संभव हो जाएगा, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत होगी।

### मेट्रो 2बी से बढ़ेगी कनेक्टिविटी

मेट्रो लाइन 2बी के पहले चरण (डायमंड गार्डन से मंडाले) की शुरुआत से शहर के पूर्वी हिस्सों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इससे विभिन्न उपनगरों के बीच यात्रा और आसान हो जाएगी। इस नए रूट पर दहिसर (पूर्व), पांडुरंग वाड़ी, मीरागांव और काशीगांव जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। दहिसर स्टेशन पर यात्री मेट्रो 2ए बदलकर अंधेरी पश्चिम तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

### बीकेसी में पॉड टैक्सी भूमिपूजन

एमएमआरडीए के माध्यम से बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में पहली 'पॉड टैक्सी' परियोजना का भी 7 अप्रैल को भूमिपूजन किया जाएगा। यह 8 .8 किमी लंबा प्रोजेक्ट बांद्रा पूर्व से कुर्ला स्टेशन तक चलेगा और ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने में मदद करेगा।

### ठाणे-बोरीवली टनल प्रोजेक्ट

इसी दिन ठाणे-बोरीवली अंडरग्राउंड टनल रोड प्रोजेक्ट के दूसरे टनल के लिए टनल बोरिंग मशीन (TBM) लॉन्च की जाएगी, जिससे इस महत्वाकांक्षी परियोजना को नई रफ्तार मिलेगी।

# कौन करेगा सूचना के साधनों की रखवाली..!

## दायित्वनामा

**आज संयुक्त राष्ट्र संघ के 7वें महासचिव और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कोफी अन्नान का जन्म दिवस है, उन्हें विश्व शांति के पुरोधा के रूप में जाना जाता है। एक बार सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि ज्ञान ही मानवता की सबसे बड़ी शक्ति है और सूचना मुक्ति है।**




अरुण लाल
arunlal.y@gmail.com

इस महापुरुष को याद करते हुए हम उनकी ज्ञान और सूचना पर बात करना चाहते हैं। ज्ञान और सूचना के दो प्रमुख माध्यम हैं, एक स्कूल और दूसरा अध्ययन! वर्तमान भारत में दोनों की दशा ठीक नहीं चल रही है। स्कूलों में नंबरों की दौड़ इस कदर हावी है कि लगभग हर व्यक्ति इसकी चपेट में है...! वर्तमान शिक्षा व्यवस्था अच्छी नौकरी पाने का साधन भर बनकर रह गई है।

खैर हम यहाँ अन्नान के हवाले से सूचना के महत्व पर बात करने, मनन करने आए हैं। आज भारत में सूचना के सही तंत्र का अकाल सा है। यहाँ लोग डिजिटल होने की बात कर रहे हैं। अखबार जो सूचना का सबसे भरोसेमंद साधन है, उसे समाज और सरकार द्वारा अकेला छोड़ दिया गया है। संविधान निर्माताओं ने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा पिलर कह तो दिया, पर इसके लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की। उन्होंने कहा कि चौथा पिलर बाकी के तीन पिलरों पर नजर रखेगा कि वे अपना काम ठीक से कर रहे हैं या नहीं। बाकी के तीन पिलरों की आर्थिक, सामाजिक व्यवस्था उन्होंने संविधान में लिख दी पर जिसे सबसे बड़ी जिम्मेदारी दी तीनों पर नजर रखने की, उसकी कोई संवैधानिक व्यवस्था नहीं बनाई। उसे उद्योगपतियों और इन तीनों की दया पर छोड़ दिया गया।

अब दशा यह है कि सूचना इन लोगों की मर्जी पर निर्भर हो गई। इधर तो बहुत से मूर्ख अधिकारी, नेता और कथित बुद्धिजीवी तक अखबारों को चलाने के लिए दिए जाने वाले विज्ञापनों को फिजूलखर्ची बता रहे हैं... सरकारों की तरफ से भी अखबारों के चलने, विस्तार होने में ज्यादा मदद मिलती नहीं दिख रही है। ऐसे-ऐसे नियम लाए जा रहे हैं कि आम व्यक्ति अखबार चलाने की सोचने की हिमाकत नहीं कर पा रहा...

यहाँ हम यह खुलकर कहना अपना दायित्व समझते हैं कि किसी भी देश में लोकतंत्र को बनाए रखने, उसके विकास, उसके विस्तार में अखबार सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज जो अखबार नहीं पढ़ रहे हैं, उनका सूचना का दायरा एकदम सीमित है। हम यह मानते हैं कि बिना अखबार पढ़े कोई बेहतर नागरिक नहीं हो सकता..!

हम यह भी मानते हैं कि अखबारों की पत्रकारिता का भी क्षय हुआ है, पर डिजिटल माध्यम से इसकी तुलना कतई नहीं की जा सकती है। पिछले कुछ समय से डिजिटल माध्यमों ने अपनी डिजिटल होने की शक्तियों का इतना दुरुपयोग किया है कि इनकी साख की धज्जियां उड़ चुकी हैं। अब यहाँ हम आपको यह बताना अपना दायित्व समझते हैं कि जीवन कितना भी बदल जाए, बिना सही सूचना के मानवता को बेहतर दिशा में लेकर जाना असंभव है... हम सभी को एकजुट होकर लोकतंत्र के चौथे पिलर को मजबूत करना होगा, तभी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य उज्ज्वल हो सकेगा...

## ब्रीफ न्यूज़

### एकल पदों पर मेरिट से होगी भर्ती

**मुंबई।** प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि सरकारी एकल (एकाकी) पदों पर आरक्षण का लाभ लागू नहीं होगा और ऐसे पदों पर नियुक्ति केवल गुणवत्ता के आधार पर की जाएगी, जबकि पदोन्नति में वरिष्ठता और पात्रता को ही प्राथमिकता दी जाएगी; सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नए शासनादेश में पूर्व के सभी परिपत्रों को निरस्त कर संशोधित निर्देश लागू किए गए हैं, जिनमें महाराष्ट्र राज्य लोकसेवा (आरक्षण) अधिनियम 2001 की धारा 3 (1) (घ) के तहत एकल पदों पर आरक्षण न लागू होने की बात दोहराई गई है, यह आदेश सरकारी, अर्धसरकारी संस्थाओं, स्थानीय निकायों, विश्वविद्यालयों और सरकारी उपक्रमों पर लागू होगा; साथ ही छोटे संवर्गों में पिछड़े वर्गों के आरक्षित पदों को भरने के लिए नई कार्यप्रणाली लागू करते हुए सभी नियुक्ति प्राधिकारियों को लंबित पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए गए हैं।

### उपचुनाव : तनपुरे पीछे हटे, मोकाटे बने उम्मीदवार

**मुंबई।** राहुरी उपचुनाव में नामांकन से पहले राजनीतिक घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया, जहां राकांपा (शरद गुट) से प्राजक्त तनपुरे के चुनाव लड़ने की चर्चा थी, लेकिन उनके पीछे हटने की संभावना के बीच पार्टी ने एहतियातन गोविंदराव मोकाटे को भी एबी फॉर्म जारी कर दिया; इसी दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता राधाकृष्ण विखे-पाटील और प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने तनपुरे से मुलाकात कर बंद कमरे में चर्चा की, जिसमें कथित तौर पर उनकी बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी कराई गई, और इसके बाद तनपुरे ने चुनाव न लड़ने का फैसला किया; वहीं राकांपा (शरद) के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने स्पष्ट किया कि तनपुरे की अनिच्छा के बाद विचार-विमर्श कर गोविंदराव मोकाटे को आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया गया है, साथ ही पार्टी पर दोहरी नीति के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राहुरी सीट को लेकर पहले कोई अंतिम घोषणा नहीं की गई थी।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव संसद से खारिज

▶▶ पद से हटाने के लिए 193 सांसदों ने किए थे साइन



एजेंसी | नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया। ज्ञानेश कुमार को पूरे देश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) और हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में उनके आचरण को लेकर विपक्ष की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा था।

### 130 सांसदों और राज्यसभा के 63 सदस्यों ने किए थे हस्ताक्षर

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर लोकसभा के 130 सांसदों और राज्यसभा के 63 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। 10 पन्नों के इस नोटिस में सात आरोपों की एक सूची शामिल थी। इन आरोपों में CEC के पक्षपातपूर्ण आचरण से लेकर बड़ी संख्या में मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने तक के मामले शामिल थे।

## ईरान ने अमेरिका की 15-सूत्रीय योजना को नकारा

एजेंसी | तेहरान

ईरान ने सोमवार को पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त करने और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के लिए अमेरिका के 15 सूत्रीय प्रस्ताव को नकार दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने इस शांति वार्ता प्रस्ताव को बेहद महत्वाकांक्षी और अतार्किक बताया है। ईरान ने स्पष्ट किया है कि युद्ध को समाप्त करने के लिए अपनी मांगों का एक सेट तैयार किया है।




### प्रस्ताव स्वीकार करना कठिन

ईरानी विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमेरिका का प्रस्ताव तेहरान के लिए स्वीकार करना बहुत कठिन और अवास्तविक है। यह प्रस्ताव कथित तौर पर मध्यस्थों के माध्यम से दिया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईरान ने अपनी मांगों को औपचारिक रूप दे दिया है। बातचीत तभी आगे बढ़ेगी जब ये शर्तें पूरी होंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि ईरान ने मध्यस्थों के माध्यम से भेजे गए प्रस्तावों पर अपना जवाब तैयार कर लिया है और जरूरत पड़ने पर इसकी घोषणा करेगा।

### युद्धविराम पर ईरान की चेतावनी

ईरानी विदेश मंत्रालय ने आगाह किया कि यदि बुनियादी मुद्दों का समाधान नहीं किया गया, तो युद्धविराम विपक्षी पक्ष को फिर से संगठित होने और युद्ध शुरू करने का मौका दे सकता है। इस्माइल बगाई ने कहा कि धमकियों के बीच बातचीत नहीं हो सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि यूएस द्वारा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की धमकी देना युद्ध अपराध माना जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि चल रहे हमलों के बीच देश की रक्षा करना ईरान का मुख्य उद्देश्य बना हुआ है, और सैन्य प्रयासों के साथ-साथ कूटनीतिक प्रयास भी जारी हैं।

पेज 8 भी देखें

## ढोंगी बाबा पर शिकंजा

### ईडी ने किया धन शोधन का केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के स्वयंभू बाबा अशोक खरात की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुद को भगवान बताने वाले अशोक खरात के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एजेंसी जल्द ही खरात से पूछताछ करेगी। ईडी के मुंबई जोनल ऑफिस ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत यह केस दर्ज किया है।



### क्या बोले अधिकारी?

अधिकारियों के अनुसार, ईडी ने नासिक के रहने वाले खरात के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस की कई एफआईआर पर संज्ञान लिया है। खरात और उससे जुड़े कुछ अन्य लोगों को जल्द ही पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। इस ढोंगी बाबा और ज्योतिषी को मार्च में गिरफ्तार किया गया था। एक शादीशुदा महिला ने उस पर तीन साल तक बार-बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। राज्य पुलिस ने अब तक खरात के खिलाफ कुल आठ एफआईआर दर्ज की हैं। जांच में यौन शोषण के अलावा कई अन्य अपराधों का भी पता चला है। इसमें जमीन से जुड़ी वित्तीय अनियमितताएं, कुछ सहकारी क्रेडिट सोसायटियों में खाते खोलना और अन्य संपत्तियों के मामले शामिल हैं।

## विदर्भ समेत 12 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**मुंबई।** मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के विदर्भ सहित देश के 12 राज्यों में 7-8 अप्रैल के दौरान भारी बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है, जिसका कारण उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय हो रहा वेस्टर्न साइक्लोन और मध्य पाकिस्तान के ऊपर समुद्र तल से करीब 10 किमी ऊंचाई पर बना पश्चिमी चक्रवात बताया गया है। इसके प्रभाव से उत्तरी पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और तेज हवाओं की संभावना है, जबकि महाराष्ट्र में भी मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। हालांकि अगले 2-3 दिनों बाद तापमान बढ़ने की उम्मीद जताई गई है।

## मंत्रालय में रिश्वतखोरी

▶▶ 6 .37 लाख रिश्वत लेते क्लास-1 अधिकारी गिरफ्तार

▶▶ सरकारी अनुदान के बदले मांगा कमीशन




डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के सत्ता केंद्र 'मंत्रालय' में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो ने प्रथम श्रेणी अनुभाग अधिकारी विलास लाड को 6.37 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नवी मुंबई के खारघर इलाके में जाल बिछाकर की गई। मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने अपने गांव के सरपंच की ओर से बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों के लिए सरकारी अनुदान हेतु आवेदन किया था। आरोप है that इस फाइल को मंजूरी देने के लिए अधिकारी विलास लाड ने नियमों को दरकिनार करते हुए रिश्वत की मांग की।

### शिकायत के बाद एसीबी ने शुरू की जांच

रिश्वत की मांग से परेशान शिकायतकर्ता ने एसीबी से संपर्क किया। 16 मार्च को प्रारंभिक जांच शुरू की गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद एसीबी ने सुनियोजित तरीके से ट्रैप लगाने की योजना बनाई। जैसे ही आरोपी विलास लाड खारघर में रिश्वत की रकम लेने पहुंचा, सादे कपड़ों में मौजूद एसीबी टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी एक राजपत्रित क्लास-1 अधिकारी है, जिससे इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। एसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्टि की है कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल उसे पुलिस हिरासत में रखा गया है। जांच एजेंसियां अब यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि इस मामले में कोई और अधिकारी या कर्मचारी शामिल तो नहीं है। पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।

# डोंबिवली में आरटीओ की सख्त कार्रवाई

**▸▸ 20 ऑटो चालकों पर जुर्माना**
**▸▸ रिक्शा चालकों के दस्तावेजों की जांच के आदेश**

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

राज्य परिवहन विभाग ने रिक्शा चालकों के दस्तावेज़ों की सख्त जांच के निर्देश स्थानीय उप-क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को दिए हैं। इसी के तहत कल्याण आरटीओ विभाग ने कल्याण और डोंबिवली में विशेष जांच अभियान शुरू किया है। दो दिन पहले डोंबिवली में चलाए गए अभियान के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर जाकर यात्रियों को ढोने वाले ऑटो चालकों की जांच की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जांच के दौरान कुल 20 रिक्शा चालकों को नियमबाह्य और अनुशासनहीन तरीके से वाहन चलाने के आरोप में पकड़ा गया। इन पर 2,000 से 4,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया गया।

### रेलवे स्टेशन और प्रमुख स्थानों पर जांच

उप-क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आशुतोष बारकुल के मार्गदर्शन में मोटर वाहन निरीक्षकों की टीम ने डोंबिवली रेलवे स्टेशन, ऑटो स्टैंड, चौराहों और सड़कों पर खड़े वाहनों की जांच की।

### कई चालक बिना यूनिफॉर्म और दस्तावेज़ के पाए गए



जांच के दौरान कई ऑटो चालक बिना यूनिफॉर्म के पाए गए। कुछ के पास आवश्यक दस्तावेज़, नाम पट्टी और यात्रियों के लिए जरूरी सुविधाएं भी नहीं थीं, जिस पर अधिकारियों ने सख्ती दिखाई। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को मौके पर रोका गया और जुर्माना भरने के बाद ही छोड़ा गया। अन्यथा वाहन RTO कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए।

### दोबारा उल्लंघन पर लाइसेंस निलंबन की चेतावनी

अधिकारियों ने चालकों को चेतावनी दी कि भविष्य में यदि वे दोबारा ऐसे ही नियमों का उल्लंघन करते पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर लाइसेंस निलंबित किया जाएगा।

### जांच की जानकारी मिलते ही चालक भागे

जैसे ही RTO जांच की खबर फैली, कई ऑटो चालक अपने स्टैंड और सड़कों से हटकर घर या अन्य रास्तों पर निकल गए। इससे स्पष्ट हुआ कि कई चालक बिना दस्तावेज़ के वाहन चला रहे हैं।

# नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

रबाले पुलिस थाना क्षेत्र में 4 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 8:35 बजे एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की घटना सामने आई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, पीड़िता सड़क से पैदल जा रही थी, तभी आरोपी पीछे से आया, उसे पैर मारा, नाम पूछा और उसके साथ अश्लील हरकत की। घटना के बाद पीड़िता ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। मामले में रबाले पुलिस थाना क्षेत्र में अपराध क्रमांक 293/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 और POCSO एक्ट की धारा 8 व 12 के तहत केस दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालकृष्ण सावंत के मार्गदर्शन में जांच शुरू की गई। सहायक पुलिस निरीक्षक दीपक खरात और टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण किया।

### कुछ ही घंटों में आरोपी की पहचान

पुलिस को मुखबिरों से मिली सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की पहचान हुई। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी विवेक गजानन कदम (35) ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस कर्मी दर्शन कटके, मयूर सोनवणे, गणेश वीर, धनाजी भांगरे, यादवराव घुले और मनोज देडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# बाबासाहेब की प्रतिमा का सम्मानपूर्वक स्थानांतरण

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

शांतिनगर श्मशान घाट में स्थापित बाबासाहेब की प्रतिमा को प्रशासन ने सोमवार को सम्मानपूर्वक सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया। यह प्रतिमा बिना अनुमति और अवैज्ञानिक तरीके से लगाई गई थी, जिस पर लंबे समय से विवाद चल रहा था। 'कायदान वाघा' आंदोलन के सामाजिक कार्यकर्ता राज असरोंडकर ने इस मुद्दे को लेकर अपने आवास पर छह दिनों तक आमरण अनशन किया। उनका कहना था कि श्मशान घाट जैसे स्थान पर बाबासाहेब की प्रतिमा होना उनके सम्मान के खिलाफ है।

### प्रशासन ने लिया संज्ञान



मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। जिलाधिकारी के निर्देश पर महापौर, आयुक्त और जनप्रतिनिधियों की विशेष बैठक बुलाई गई, जिसमें प्रतिमा को सम्मानपूर्वक हटाने का निर्णय लिया गया। प्रतिमा हटाए जाने के बाद महापौर अश्विनी निकम, तहसीलदार कल्याणी कदम, विधायक डॉ. बालाजी किनिकर समेत कई जनप्रतिनिधि राज असरोंडकर के घर पहुंचे। गणमान्य लोगों की मौजूदगी में उन्होंने नींबू पानी पीकर अपना अनशन समाप्त किया। इस आंदोलन को कई सामाजिक और रिपब्लिकन संगठनों का समर्थन मिला। शामदादा गायकवाड़, दिलीप मालवणकर, शांताराम निकम, रोहित साल्वे और शिवाजी रागड़े जैसे नेताओं ने आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

नासिक-मुंबई राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। यह घटना खारेगांव टोल प्लाजा के पास हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घायल बाइक सवार की पहचान कल्पेश लीलाधर पाटिल (36) के रूप में हुई है, जो ठाणे के केसल्मिल क्षेत्र के निवासी हैं। हादसे के समय वह दोपहिया वाहन से यात्रा कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने पीछे से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर लगते ही कल्पेश सड़क पर गिर पड़े, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में कल्पेश पाटिल को गंभीर चोटें आई हैं। उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि बाएं हाथ की कोहनी और माथे के पास बाईं आंख में भी गंभीर चोटें आई हैं।

### कलवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज




इस मामले में टैक्सी चालक के खिलाफ कलवा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि फरार कार चालक की पहचान की जा सके। हादसे के बाद से आरोपी की तलाश जारी है।

### 15 घंटे के ऑपरेशन के बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू

**ठाणे।** जिले के मुरबाड के पास एक गांव में वन विभाग ने सोमवार को करीब 15 घंटे लंबे अभियान के बाद एक सूखे गड्ढे से छह फुट लंबे मगरमच्छ को सुरक्षित बाहर निकाला। इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। अधिकारियों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों से यह सरीसृप गांव की प्राचीन झील 'मसले तलाव' और उसके आसपास कई बार देखा जा रहा था। गांव में पहले कभी मगरमच्छ नहीं दिखने के कारण लोगों में दहशत का माहौल था। झील का जलस्तर घटने के बाद मगरमच्छ बाहर निकलने लगा और अक्सर उस गड्ढे में पहुंच जाता था, जिसका उपयोग स्थानीय लोग पानी के स्रोत के रूप में करते थे।

# डिजिटल जनगणना की तैयारी तेज

**▸▸ डिजिटल तरीके से होगी ऐतिहासिक जनगणना**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

जिले में भारत की जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल के मार्गदर्शन में इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जो देश के इतिहास में एक नई पहल मानी जा रही है। प्रशासन ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर योजना बनाई है। इस अभियान के तहत 6 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय के कमेटी हॉल में फील्ड ट्रेनर्स की ट्रेनिंग का शुभारंभ किया गया। तहसीलदार सचिन चौधरी की उपस्थिति में शुरू हुई इस ट्रेनिंग के माध्यम से तकनीकी कर्मचारियों को तैयार किया जा रहा है, ताकि वे आगे एन्यूमरेटर्स को प्रशिक्षित कर सकें।

### 64 ट्रेनर्स को दो बैच में दिया जा रहा प्रशिक्षण



प्रशासन की ओर से 32-32 प्रतिभागियों के दो बैच बनाए गए हैं, जिनमें कुल 64 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 11 अप्रैल 2026 तक चलेगा। मास्टर ट्रेनर्स के रूप में विनोद भामरे और स्वाति घोंगड़े विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। इस बार जनगणना प्रक्रिया में पेपर फॉर्म की जगह CMMS पोर्टल और HLBC ऐप का उपयोग किया जाएगा। ट्रेनिंग के दौरान प्रतिभागियों को इन डिजिटल टूल्स के संचालन, सेंसस एक्ट और डेटा कलेक्शन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जा रही है, जिससे कार्य में तेजी और सटीकता सुनिश्चित हो सके। जिले के नौ चार्ज क्षेत्रों में लगभग 4,000 एन्यूमरेटर और सुपरवाइजर तैनात किए जाएंगे। ये सभी प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स के माध्यम से तैयार होंगे, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### पहली बार 'सेल्फ-एन्यूमरेशन' की सुविधा

इस जनगणना की खास बात यह है कि पहली बार नागरिकों को 'सेल्फ-एन्यूमरेशन' की सुविधा दी गई है। लोग 1 मई से 15 मई 2026 के बीच सरकारी पोर्टल पर लॉग इन कर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया अधिक सहभागितापूर्ण बनेगी। हाउस लिस्टिंग और हाउसहोल्ड सेंसस का पहला चरण 16 मई से 14 जून 2026 तक फील्ड स्तर पर लागू किया जाएगा। इस दौरान प्रशिक्षित कर्मचारी घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। उपजिलाधिकारी रूपाली भालके की निगरानी में प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह सक्रिय हो गई है।

# मतदाता सूची संशोधन का विशेष अभियान

**▸▸ जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील**

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

मनपा द्वारा मतदाता सूची के व्यापक संशोधन (SIR) का विशेष अभियान तेज़ी से चलाया जा रहा है। महाराष्ट्र राज्य के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक विश्वसनीय और त्रुटिरहित बनाना है। अभियान के तहत मतदाता सूची से धुंधली तस्वीरों को हटाने, डुप्लिकेट प्रविष्टियों की पहचान करने और अन्य तार्किक त्रुटियों को सुधारने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इससे सूची की सटीकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



### जनप्रतिनिधि करें बीएलओ का सहयोग

मनपा के सहायक आयुक्त एवं जनसंपर्क अधिकारी अजय साबले ने सभी नगरसेवकों और समाजसेवकों से अपील की है कि वे अपने-अपने वार्डों में बीएलओ के साथ सहयोग करें, ताकि यह अभियान सफल हो सके। प्रशासन ने नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और सही जानकारी उपलब्ध कराकर मतदाता सूची को अपडेट करने में मदद करें। मनपा द्वारा वार्ड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस अभियान की जानकारी पहुंचाई जा सके और मतदाता सूची में सुधार सुनिश्चित हो सके।

### BLO ऐप के जरिए हो रहा डेटा अपडेट

इस विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में 'बीएलओ' (Booth Level Officer) ऐप का उपयोग किया जा रहा है। मतदान केंद्र स्तर के अधिकारी घर-घर जाकर डिजिटल माध्यम से मतदाताओं की जानकारी अपडेट कर रहे हैं, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और तेज़ बन रही है। यह अभियान 2002 के गहन पुनरीक्षण के बाद सबसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें मतदाताओं की सूची का व्यापक स्तर पर पुन: मानचित्रण किया जा रहा है।

# 24 घंटे पानी सप्लाई बंद

## कई इलाकों में कम दबाव से होगी जलापूर्ति

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका ने नागरिकों को सूचित किया है कि प्री-मानसून मेंटेनेंस और मरम्मत कार्य के चलते शहर में 24 घंटे के लिए पानी सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी। यह शटडाउन स्टेम वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन एंड कंपनी द्वारा किया जा रहा है। मनपा के अनुसार, बुधवार 8 अप्रैल 2026 सुबह 9 बजे से गुरुवार 9 अप्रैल 2026 सुबह 9 बजे तक पानी आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान स्टेम प्राधिकरण की ओर से भिवंडी को मिलने वाला जल सप्लाई ठप रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शटडाउन खत्म होने के बाद भी अगले एक दिन तक पानी कम दबाव और सीमित मात्रा में ही उपलब्ध होगा। इससे नागरिकों को अतिरिक्त असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

### दर्जनों इलाकों पर पड़ेगा असर



इस जलापूर्ति बंद का असर ममता टाकी, चाविंद्रा गांव, पटेलनगर, नारपोली, शिवाजीनगर, कल्याण रोड, अंजूरफाटा, देवजीनगर, इस्लामपुरा, अवचितपाडा, म्हाडा कॉलोनी, शास्त्रीनगर, नेहरूनगर, मिल्लतनगर, कोटरगेट, कणेरी, पद्मानगर, अशोकनगर, भादवड, टेमघर सहित कई क्षेत्रों में देखने को मिलेगा। मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि वे पहले से पर्याप्त पानी का भंडारण कर लें, ताकि शटडाउन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके। पानी आपूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता संदीप जी. पटनावर ने नागरिकों से संयम बरतने और इस अवधि में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है, ताकि मरम्मत कार्य सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।

# आम तोड़ने गए नाबालिगों की बेरहमी से पिटाई

**भिवंडी।** चाविंद्रा स्थित नत्थु नगर इलाके में आम तोड़ने गए चार नाबालिग बच्चों के साथ बर्बर मारपीट का मामला सामने आया है। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है और लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, अवचितपाडा क्षेत्र के चार नाबालिग बच्चे एक प्लॉट में लगे आम तोड़ने पहुंचे थे। इसी दौरान जमीन के मालिक विलास पाटील ने उन्हें देख लिया और कथित रूप से अपने साथियों के साथ बच्चों का पीछा कर पकड़ लिया। आरोप है कि बच्चों को पकड़ने के बाद उनकी जमकर पिटाई की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मारपीट इतनी गंभीर थी कि बच्चे मौके पर ही बेहोश हो गए। इस हमले में एक बच्चे का पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि अन्य तीन को भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद एक स्थानीय व्यक्ति ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायल बच्चों को तुरंत इंदिरा गांधी मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन सभी बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आने के बाद मामला और भी गंभीर हो गया है। वीडियो के वायरल होने के बाद स्थानीय नागरिकों में गुस्सा बढ़ गया है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए भिवंडी तालुका पुलिस ने आरोपी विलास पाटील के खिलाफ नाबालिगों के साथ मारपीट और गंभीर चोट पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

# कचरा जलाने से बढ़ा खतरा, नागरिकों में आक्रोश

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी तालुका के काटई ग्राम पंचायत क्षेत्र में शहर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के किनारे भारी मात्रा में कचरा फेंका जा रहा है। गीले और सूखे कचरे का ढेर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे क्षेत्र में गंदगी और प्रदूषण की स्थिति गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्राम पंचायत द्वारा कचरा उठाने के बजाय रोजाना सुबह उसे सड़क किनारे ही जला दिया जाता है। इसके बाद जले हुए कचरे को ट्रक में भरकर ले जाया जाता है, जिससे समस्या और बढ़ जाती है।

### स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ नाराजगी



इस समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों में ग्राम पंचायत प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश पाटिल ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया जाना चाहिए, न कि उसे जलाकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जाए। नागरिकों ने ग्राम पंचायत से अपील की है कि कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जाए और सड़क किनारे कचरा जलाने की प्रथा को तुरंत बंद किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से राहत मिल सके।

### धुएं से नागरिकों के स्वास्थ्य पर खतरा

कचरा जलाने से निकलने वाला जहरीला धुआं आसपास के लोगों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। इस मार्ग से रोजाना छात्र, कर्मचारी, यात्री और पैदल चलने वाले लोग गुजरते हैं, जिन्हें इस धुएं का सामना करना पड़ता है। इससे सांस संबंधी बीमारियों सहित अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। काटई रोड पर कचरा जलाने के समय यातायात भी प्रभावित होता है। धुएं के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

# गुंडागर्दी से व्यापारी परेशान विधायक से लगाई सुरक्षा की गुहार

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

घोड़बंदर क्षेत्र में बढ़ती स्थानीय गुंडागर्दी से परेशान छोटे-बड़े व्यापारियों ने विधायक संजय केलकर से मुलाकात कर सुरक्षा की मांग की। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के कारण भय का माहौल बना हुआ है। कपूरबावड़ी, आज़ादनगर और ब्रह्मांड सर्कल जैसे इलाकों के व्यापारियों ने एकजुट होकर अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं और लिखित आवेदन सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि उनकी दुकानों के सामने अवैध धंधे चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा मारपीट और धमकी जैसी घटनाओं से वे लगातार भयभीत हैं।

### विधायक ने पुलिस को दिए निर्देश



मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक संजय केलकर ने संबंधित पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी से संपर्क कर गुंडों पर नियंत्रण करने के निर्देश दिए।केलकर ने कहा कि क्षेत्र के व्यापारी ईमानदारी से अपना व्यवसाय कर रहे हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि व्यापारियों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक के हस्तक्षेप के बाद पुलिस अधिकारियों ने इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

### स्थानीय जनप्रतिनिधि भी रहे मौजूद

इस दौरान नगरसेवक विकास पाटिल, दीपक जाधव, सुरेश कांबले, संजय पाटिल, राजेश गाडे, अलकेश कदम, रूपेश कारंडे, आशीष कलास्कर और योगेश भंडारी सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भेड़ों की लड़ाई का आयोजन, मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



जोगेश्वरी इलाके में अवैध रूप से भेड़ों की लड़ाई आयोजित करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस घटना में एक भेड़ की मौत होने की भी पुष्टि हुई है। यह मामला PETA इंडिया की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है, जिसमें जानवरों के साथ क्रूरता का आरोप लगाया गया है। अम्बोली पुलिस स्टेशन के अधिकारियों के अनुसार, साजिद अब्दुल अली सैय्यद, सऊद फिरदौस मास्टर और इमरान मोहम्मद अली कुरैशी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS), पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## वीडियो वायरल होने के बाद हुई कार्रवाई

यह मामला तब सामने आया जब एक समाचार चैनल ने फरवरी के मध्य में आयोजित इस भेड़ लड़ाई का वीडियो प्रसारित किया। वीडियो में 'रॉकी' और 'चमकीला' नामक भेड़ों को जबरन लड़ाते हुए दिखाया गया। बताया गया कि इस लड़ाई में विजेता टीम के लिए एक लाख रुपए का नकद इनाम रखा गया था। मनोरंजन के लिए आयोजित इस लड़ाई में जानवरों को जबरन भिड़ाया गया। वीडियो में दिखाया गया कि 'रॉकी' नाम की भेड़ लड़ाई के दौरान गिर गई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। इस घटना ने पशु क्रूरता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जीवित बची भेड़ को ढूंढकर कब्जे में लेने की कोशिश की जा रही है। अधिकारी के अनुसार, तीनों आरोपियों को जांच में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गोरेगांव में शोभायात्रा के दौरान हिंसा

- 3 घायल, 10 आरोपी गिरफ्तार
- आरोपियों से जुड़े अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई




गोरेगांव पूर्व स्थित संतोष नगर इलाके में रविवार को दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद सोमवार को भी तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। मामले में सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर बजरंग दल समेत कई हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर रास्ता जाम किया और हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए, जिससे यातायात प्रभावित हुआ।

## 10 आरोपी गिरफ्तार, कई धाराओं में केस दर्ज

दिंडोशी पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और अन्य की तलाश जारी है।

## त्रिशूल यात्रा के दौरान हुआ था विवाद

पूरा मामला रविवार शाम का है, जब संतोष नगर इलाके में दक्षिण भारतीय समाज की ओर से महा मरियम्मन देवी की त्रिशूल यात्रा निकाली जा रही थी। इसी दौरान डीजे पर बज रहे धार्मिक गीत को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। झड़प के दौरान तलवार और अन्य हथियारों का इस्तेमाल किया गया। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## स्थानीय लोगों ने लगाए गंभीर आरोप

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि मुख्य आरोपी नशे के कारोबार से जुड़ा है और क्षेत्र में लंबे समय से दबदबा बनाए हुए था। लोगों का कहना है कि पूर्व में शिकायतों के बावजूद पुलिस द्वारा पर्याप्त कार्रवाई नहीं की गई।

## BMC का बुलडोजर एक्शन, अवैध निर्माण ध्वस्त

विरोध प्रदर्शन के बीच बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने आरोपियों से जुड़े अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई पूर्व शिकायतों के आधार पर की गई है।

# एलपीजी गड़बड़ी पर बीपीसीएल सख्त

## 4 डिस्ट्रीब्यूटर्स निलंबित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने एलपीजी वितरण नेटवर्क में अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए चार डिस्ट्रीब्यूटर्स को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही कई अन्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। बीपीसीएल, जो एक फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी और भारत सरकार का महारत्न उपक्रम है, ने स्पष्ट किया है कि नियमों के उल्लंघन के प्रति उसकी 'जीरो टॉलरेंस' नीति है और इसमें किसी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी।

## अब तक 162 डिस्ट्रीब्यूटर्स पर कार्रवाई

कंपनी के अनुसार, अब तक 162 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि 316 अन्य डिस्ट्रीब्यूटर्स के मामलों में जांच और कार्रवाई जारी है। बीपीसीएल ने अपने बयान में कहा कि वह एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता, जवाबदेही और ग्राहकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी तरह की गड़बड़ी या नियमों से समझौते पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय इस पूरे मामले पर करीबी नजर बनाए हुए है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ समन्वय कर निगरानी को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि एलपीजी आपूर्ति में किसी तरह की समस्या न आए।

# अजित पवार विमान हादसे पर फिर उठे सवाल

## रोहित पवार ने जताया संदेह

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार ने 28 जनवरी के विमान हादसे को लेकर एक बार फिर संदेह जताया है। यह मामला तब और गहराया जब सामाजिक कार्यकर्ता अंजली दमानिया ने गिरफ्तार स्वयंबू बाबा अशोक खरात और एक सहकारी ऋण समिति के बीच संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के आरोप लगाए। मुंबई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंजली दमानिया ने दावा किया कि हादसे के दौरान समता सहकारी ऋण समिति के खातों से जुड़े एसएमएस अलर्ट में असामान्य बढ़ोतरी देखी गई। उनके अनुसार 27 जनवरी को 17 संदेश मिले, जबकि हादसे वाले दिन 28 जनवरी को 19 संदेश प्राप्त हुए, जो सामान्य गतिविधियों से अलग थे। दमानिया ने कहा कि ये संदेश अशोक खरात के खाते में जमा और निकासी को दर्शाते हैं। उन्होंने इसे संदिग्ध बताते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां सामान्य बैंकिंग व्यवहार से मेल नहीं खातीं।

रोहित पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि इसी अवधि में अशोक खरात द्वारा बड़े पैमाने पर वित्तीय लेन-देन किए जाने की जानकारी सामने आई है, जिससे कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हादसे से पहले अजित पवार के निवास के बाहर कथित काला जादू जैसे अनुष्ठानों की खबरें आई थीं। इसके अलावा खरात के वीएसआर कंपनी के विमान से कई बार यात्रा करने और उसके समर्थकों के नेटवर्क की भी चर्चा की।

## विमान और कंपनी को लेकर उठे सवाल

बताया गया कि लियरजेट 45 विमान वीआरएस कंपनी का था, जो हादसे के समय संचालित किया जा रहा था। रोहित पवार ने सवाल उठाया कि क्या इन सभी घटनाओं का आपस में कोई संबंध हो सकता है। रोहित पवार ने कहा कि इस पूरे मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को व्यापक जांच करनी चाहिए। उन्होंने खरात और उससे जुड़े लोगों की भूमिका की भी जांच की मांग की। फिलहाल सीआईडी इस विमान हादसे के पीछे संभावित साजिश के एंगल से जांच कर रही है।

# अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में मुंबई युवक कांग्रेस का 'न्याय सत्याग्रह'

- किसानों के हितों के खिलाफ करार: वर्षा गायकवाड़



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के विरोध में युवक कांग्रेस ने 'न्याय सत्याग्रह' आंदोलन शुरू किया। इस दौरान मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह समझौता देश के किसानों को बर्बाद करने वाला है और इससे उन्हें उनके उत्पादों का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। यह आंदोलन प्रेस क्लब के पास स्थित मुंबई कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। आंदोलन में विधायक अमीन पटेल, प्रवक्ता सुरेशचंद्र राजहंस, विभिन्न जिलाध्यक्षों सहित युवक कांग्रेस के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी ने आंदोलन को व्यापक समर्थन दिया।

## टैरिफ और मौसम की मार से किसान परेशान

वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ और बेमौसम बारिश के कारण किसान पहले से ही संकट में हैं। ऐसे में यह व्यापार समझौता उनकी स्थिति को और खराब करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार किसानों को पर्याप्त सहायता देने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि ईंधन और गैस की कमी के कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई में छोटे होटल और व्यवसाय गैस की कमी के कारण प्रभावित हो रहे हैं, वहीं घरेलू गैस की किल्लत और कालाबाजारी भी बढ़ रही है।

## सरकार की नीतियों पर निशाना

मुंबई कांग्रेस की अध्यक्षा ज़ीनत शबरीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति रुक गई है। उन्होंने केंद्र की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा कि सरकार को किसानों, मजदूरों और युवाओं के मुद्दों पर गंभीरता से काम करना चाहिए। ज़ीनत शबरीन ने स्पष्ट किया कि युवक कांग्रेस 'न्याय सत्याग्रह' के माध्यम से किसानों, महिलाओं, छात्रों और श्रमिकों के मुद्दों को उठाती रहेगी और सरकार पर दबाव बनाएगी। मुंबई युवक कांग्रेस ने घोषणा की है कि यह सत्याग्रह मंगलवार को भी जारी रहेगा, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक मधु चव्हाण और अशोक भाऊ जाधव भी शामिल होंगे।

# मेघवाडी में दूषित पानी, बीएमसी पर लापरवाही के आरोप

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



जोगेश्वरी पूर्व के मेघवाडी इलाके में स्थित गजानन निवास वेलफेयर सोसायटी में पीने के पानी की गुणवत्ता को लेकर गंभीर चिंता सामने आई है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि बीते कुछ दिनों से नलों में दुर्गंधयुक्त और मटमैला पानी आ रहा है, जिससे स्वास्थ्य संकट की आशंका बढ़ गई है।

रहिवासियों के मुताबिक, विशेष रूप से रात के समय पानी की स्थिति अधिक खराब हो जाती है। पानी में बदबू और गंदगी होने के कारण इसे पीना तो दूर, घरेलू उपयोग में भी दिक्कतें आ रही हैं। स्थानीय लोगों को आशंका है कि पीने के पानी की मुख्य पाइपलाइन में सीवरेज (गटर) का पानी मिल रहा है, जो बेहद खतरनाक स्थिति को दर्शाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, पुराने और जर्जर पाइपलाइनों के कारण 'बैक सायफोनेज' की स्थिति बन रही है। रात में पानी का दबाव कम होने पर सीवरेज लाइन का दूषित पानी रिसकर जल पाइपलाइन में मिल जाता है।

## बीमारियों का बढ़ा खतरा

दूषित पानी के कारण टाइफाइड, कॉलरा और गैस्ट्रो जैसी गंभीर जलजनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों पर विशेष असर पड़ सकता है। इस पूरे मामले ने बीएमसी के के-पूर्व वॉर्ड के जल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रहवासियों का कहना है कि समस्या के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। निवासियों ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्राप्त करना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उनका मौलिक अधिकार है, और इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है। गजानन निवास के रहवासियों ने बीएमसी अधिकारियों से अपील की है कि पाइपलाइन की लीकेज को तुरंत ठीक कर सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी बड़े स्वास्थ्य संकट से बचा जा सके।


## पश्चिम रेलवे

### आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/एन/एमएमसीटी **ई-निविदा सूचना क्रमांक: SG_216_2_114_WA_BL_R** आमंत्रित करते हैं। **कार्य एवं स्थान: मुंबई मंडल के विरार–सूरत खंड में एडीएसटीई/वलसाड के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विश्वसनीयता सुधार तथा खराब/अवधि पूर्ण (ओवरएज्ड) मिड-लाइफ सिग्नलिंग उपकरणों के प्रतिस्थापन कार्य के संबंध में सिग्नलिंग सामग्रियों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग। कार्य की अनुमानित लागत: ₹2,29,15,807.58/-, अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD): ₹4,58,400/-, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 27.04.2026, 15:00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 27.04.2026, 15:30 बजे, अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें. 1284

Follow us on: X.com/WesternRly

## झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

SRA/CO/OW/2026/१३६७१ सहकार कक्ष, झोपुप्रा, बृहन्मुंबई
जा.क्र.झोपुप्रा/सनिस/कार्यासन-१/टे. सी. ४/सन २०२६/ दिनांकः २५.०३.२०२६

### सर्वसाधारण सभेची नोटीस :-

**(नियोजित) नालंदा स्मृती सहकारी गृहनिर्माण संस्था** न.भू.क्र. १६३/अ (भाग) व १७१/१/अ/४ (भाग), मौजे आकुली, ता. बोरीवली, हनुमान नगर, आकुली रोड, कांदिवली (पूर्व), मुंबई-४०० १०१ या संस्थेचा प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १४४ (ड) नुसार प्रस्ताव या विभागास प्राप्त झालेला आहे. सदर प्रस्तावाच्या अनुषंगाने सर्वसाधारण सभा आयोजित करण्यासाठी मा. सहाय्यक निबंधक, (पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई यांनी माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती केलेली आहे.

त्यानुसार सदरहू संस्थेची सर्वसाधारण सभा **गुरुवार, दिनांक ०९/०४/२०२६ रोजी सकाळी १०:०० वाजता, पत्ता : जेतवन संबोधी सांस्कृतिक भवन, जेतवन वुध्द विहार, हनुमान नगर, जेतवन बुध्द विहार मार्ग, कांदिवली (पूर्व), मुंबई-४०० १०१** येथे आयोजित करण्यात आलेली आहे. सदरील सभेत खालील विषयावर चर्चा होवून निर्णय घेण्यात येणार आहे. तरी सदर सभेस संबंधित झोपडीधारकांनी उपस्थित रहावे ही विनंती.

**-: सभेचे विषय :-**

**१) मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची निवड करणे.**
**२) नियोजित संस्थेसाठी विकासक व वास्तुविशारद यांची निवड करणे,**

**ठकाण : मुंबई**
**दिनांक : २५/०३/२०२६**

**सही/-**
**(अरुण जाधव)**
**प्राधिकृत अधिकारी तथा**
**सहकारी अधिकारी श्रेणी- १, झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई.**

**सूचना :-**

- मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक निवडणूकीचा कार्यक्रम खालीलप्रमाणे राहील.

| अ.क्र. | वेळ | विषय |
|---|---|---|
| १) | सभेच्या दिलेल्या वेळेपासून अर्धातास | मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांच्यासाठी नामनिर्देशन अर्ज दाखल करणे. |
| २) | १५ मिनिटे | आलेल्या अर्जाची छाननी करणे. |
| ३) | १५ मिनिटे | नामनिर्देशन पत्र परत घेणे. |
| ४) | १५ मिनिटे | पॅनलची मागणी करणे. |
| ५) | पुढील अर्धातास | चिन्ह वाटप करणे. |

- मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक या पदासाठीचे विहीत अर्ज प्राधिकृत अधिकारी यांच्याकडे उपलब्ध असतील.
- मुख्यप्रवर्तक पदासाठी एक मतपत्रिका व प्रवर्तक मंडळातील सदस्यांसाठी एक मतपत्रिका अशा एकूण ०२ मतपत्रिका राहतील,
- सदरील सभेत विषयपत्रिकेवर दिलेल्या विषयाशिवाय अन्य विषयावर चर्चा करता येणार नाही
- संस्थेने दिनांक १६.११.२०२५ रोजी सभेमध्ये नियुक्त विकासक व वास्तुविशारद यांना सहमती आहे किंवा कसे ? याबाबत पडताळणी करणेकरीता मतदान घेण्यांत येईल. संबंधित विकासक व वास्तुविशारद यांनी सदरहू पुनर्वसन योजनेचे काम करण्यास सहमती असल्याबाबत संमतीपत्र सभेच्यावेळी सादर करणे आवश्यक राहील.
- सभेस नियोजित संस्थेच्या झोपडीधारकांच्या यादी मधील झोपडीधारक पती पत्नी या दोघांपैकी एकाच व्यक्तीस उपस्थित राहता येईल. इतर नातेवाईकांना अथवा प्रतिनिधींना उपस्थित राहता येणार नाही.
- संस्थेच्या झोपडीधारकांच्या यादी मधील व्यक्तींनी स्वतःची ओळख होईल अशा ओळखपत्रासह (आधार कार्ड /निवडणूक ओळखपत्र / पॅनकार्ड इत्यादी) उपस्थित रहावे.
- संस्थेच्या संस्थेच्या झोपडीधारकांच्या यादी मधील सभासदांना सभागृहात प्रवेश देतेवेळी त्यांनी त्यांची ओळख पटवून सभेच्या उपस्थिती नोंदवहीत स्वाक्षरी करुन व बायोमॅट्रीक पध्दतीने उपस्थिती नोंदविल्यानंतरच सभागृहात प्रवेश दिला जाईल.
- सभेच्या कामकाजाचे प्राधिकरणामार्फत व्हिडीओ चित्रिकरण करण्यात येईल.
- मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची एकूण संख्या सहकारी गृहनिर्माण संस्थांच्या आदर्श उपविधीमध्ये निश्चित केल्याप्रमाणे राहील.
- सदरहू सभेची नोटीस संस्थेच्या सर्व पात्र झोपडीधारकांना पोहोच करण्याची जबाबदारी सर्वस्वी संस्थेची राहिल.

## मध्य रेल

### सामग्री प्रबंधन विभाग

**ई-निविदा सूचना क्रमांक. NIT/01/26/ 16 दिनांक 02- अप्रैल-2026**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| निविदा क्रमांक | विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|
| 36265003 | जोड़-रहित खांचेदार तांबे का संपर्क तार 193 वर्ग मिमी | 52.5 किमी | 13-अप्रैल-26 |
| 27263438 | धातु के पाइपों का सेट | 43 सेट | 27-अप्रैल-26 |
| 38261617 | डबल रो सेल्फ अलाइनिंग स्फेरिकल रोलर बेयरिंग सं. 22328 C/C3, जो RDSO स्पेसिफिकेशन (Rev.1) और संशोधन पर्ची सं. 1 और 2 के अनुरूप है; यह 20.32 टन के एक्सल के लिए उपयुक्त है, और इस पर RDSO स्पेसिफिकेशन C-8527 (Rev.1) के पैरा 3.3 तथा संशोधन पर्ची सं. 1 और 2 के अनुसार गारंटी लागू है | 204 नग | 16-अप्रैल-26 |
| 38262504 | ICF Drawing No. F-0-5-002, Alt.D/10 के अनुसार बोगी बोल्स्टर सस्पेंशन व्यवस्था के लिए हेलिकल स्प्रिंग (सेंटरलेस ग्राउंड), और RDSO Specification No. WD-01-HLS-94, Rev.5 (दिसंबर 2024) के अनुरूप (Code No. B01) | 437 नग | 15-अप्रैल-26 |
| 38261285 | साइड फ्रेम की (C.T.R.B. के लिए), संकरे और चौड़े जॉ के लिए, RDSO ड्राइंग संख्या SK-69594, Alt-38, आइटम संख्या 6 के अनुसार। सामग्री और विनिर्देश ड्राइंग | 60891 नग | 30-अप्रैल-26 |
| 38260281 | आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था | 1853 नग | 17-अप्रैल-26 |
| 42250020ए | MC कोच नियंत्रक | 20 नग | 27-अप्रैल-26 |
| 42251451बी | पूर्ण वैक्यूम सर्किट ब्रेकर | 53 सेट | 27-अप्रैल-26 |
| 38262505 | बोल्स्टर स्प्रिंग सस्पेंशन के लिए हैंगर | 12092 नग | 11-मई-26 |
| 42261209 | प्रत्यक्ष वायु-संचालित पैंटोग्राफ | 12 नग | 27-अप्रैल-26 |
| 27263608 | ट्रैक्शन मोटर के लिए ब्लोअर | 32 नग | 21-अप्रैल-26 |
| 42261553 | गियर केस (पूर्ण) | 35 नग | 04-मई -26 |

**नोट :** उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं

**AK- 14** **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**

**असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है**

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**(जल अभियंता विभाग)**
**क्र. एचई/एईओसी/7217/टीएम दिनांक 23.03.2026**

### ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा नीचे उल्लिखित कार्यों के लिए इच्छुक निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा वितरण एवं बिक्री की तिथि और समय, तथा निविदा बिक्री की अंतिम तिथि और समय से संबंधित विस्तृत जानकारी महाटेंडर वेबसाइट http://mahatenders.gov.in पर 'निविदा अवलोकन' के अंतर्गत प्रकाशित/अपलोड की गई है।

| क्र.सं. | निविदा क्रमांक | निविदा का विषय |
|---|---|---|
| 1 | 2026_MCGM_1291916_1 | जी/एन वार्ड में धारावी पुल के पास 2400 मिमी व्यास की वैतरणा मुख्य जल वाहिनी से मौजूदा 1500 मिमी व्यास की धारावी मुख्य जल वाहिनी तक जल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु, क्रॉस कनेक्शन सहित 1200 मिमी व्यास की मुख्य जल वाहिनी बिछाने का कार्य तथा संबंधित सिविल कार्य। |

इच्छुक निविदाकारों को विस्तृत जानकारी के लिए महाटेंडर वेबसाइट **http://mahatenders.gov.in** पर अवश्य जाना चाहिए।

**हस्ता/-**
**पीआरओ /24/विज्ञा/2026-27** **कार्यकारी अभियंता (प्रमुख कार्य), जल कार्य**

**हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।**

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### सहायक आयुक्त – टी वार्ड

### ईओआई सूचना

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा निम्नलिखित ईओआई आमंत्रित किए जाते हैं:**

| कार्य का नाम | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) | ईओआई स्क्रूटिनी शुल्क | ईओआई बिक्री प्रारंभ दिनांक व समयः | ईओआई बिक्री समाप्ति दिनांक व समयः |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| आनंदनगर टोल प्लाज़ा, मुलुंड पूर्व, टी वार्ड में हाईवे सुविधा शौचालय की सफाई, रखरखाव एवं संचालन हेतु संस्था/एजेंसी की नियुक्ति। | रु. 11,000/- | रु. 3,630/- + 18% जीएसटी | 07.04.2026, प्रातः 11:00 बजे से | 16.04.2026, प्रातः 11:00 बजे तक |

सीलबंद (वैक्स सील) ईओआई को नियत तिथि 16.04.2026 को या उससे पहले दोपहर 1:00 बजे तक सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम), टी वार्ड के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। ईओआई दस्तावेज डाक द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**हस्ता/-**
**(श्रीमती नीरजा कोल्टे)**
**सहायक अभियंता**
**एसडब्ल्यूएम, टी वार्ड**

**पीआरओ/26/विज्ञा/2026-27**

**समय पर उपचार, बचाएं प्राण।**

संपादकीय

# स्वतंत्रता की एक नई बयार

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में कुछ क्षण ऐसे आते हैं जो केवल राजनीतिक नियुक्तियों के प्रतीक नहीं होते, बल्कि वे व्यवस्था के भीतर एक गहरे वैचारिक परिवर्तन का संकेत देते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी का राज्य सभा के लिए मनोनीत होना या भेजा जाना एक ऐसा ही ऐतिहासिक पड़ाव है। इसे केवल एक सदन की सदस्यता के रूप में देखना इसकी महत्ता को कम करना होगा; वास्तव में, यह भारतीय उच्च सदन में प्रखर बौद्धिकता, संवैधानिक नैतिकता और नागरिक स्वतंत्रता की एक **'नई बयार'** के आगमन जैसा है। राज्य सभा को 'हाउस ऑफ एल्डर्स' कहा जाता है, जिसका उद्देश्य ही ऐसे व्यक्तियों को नीति-निर्धारण की प्रक्रिया में शामिल करना है जो सीधे चुनावी राजनीति के शोर-शराबे से दूर रहकर भी समाज और कानून की गहरी समझ रखते हों। मेनका गुरुस्वामी इस परिभाषा पर पूरी तरह खरी उतरती हैं। उनकी यात्रा न्यायालय के कक्षों से शुरू होकर संविधान की उन परतों तक गई है, जहाँ उन्होंने समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के लिए न्याय की मांग की। आज जब वे संसद के उसी पवित्र गलियारे में कदम रख रही हैं, तो यह उस न्यायविद दृष्टि का सम्मान है जो कानून को केवल किताबों की वस्तु नहीं, बल्कि बदलाव का औजार मानती है। गुरुस्वामी का राज्य सभा में होना 'स्वतंत्रता' के अर्थ को नया विस्तार देता है। उन्होंने न्यायालयों में जिस तरह से व्यक्तिगत स्वतंत्रता, निजता के अधिकार और समानता के सिद्धांतों की व्याख्या की है, वह हमारे लोकतंत्र की नींव है। धारा 377 जैसे ऐतिहासिक मामलों में उनकी दलीलों ने न केवल कानून बदला, बल्कि लाखों लोगों को अपनी पहचान के साथ गरिमापूर्ण जीवन जीने की आजादी दिलाई। अब, जब वे विधायी प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगी, तो यह उम्मीद की जा सकती है कि कानून बनाने की प्रक्रिया में वही मानवीय और संवैधानिक संवेदनशीलता देखने को मिलेगी। यह एक ऐसी स्वतंत्रता की बयार है जहाँ कानून केवल दंड देने के लिए नहीं, बल्कि समाज को और अधिक समावेशी बनाने के लिए गढ़े जाएंगे। संसद के उच्च सदन में अक्सर यह शिकायत रहती है कि विधायी चर्चाएं दलीय राजनीति और शोर-शराबे की भेंट चढ़ जाती हैं। ऐसे में एक ऐसी विशेषज्ञ की उपस्थिति, जो संविधान की एक-एक बारीकी को समझती हो, विमर्श के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उनकी आवाज उन जटिल कानूनी पेंचीदगियों को सुलझाने में सहायक होगी जिन्हें अक्सर जल्दबाजी में पारित कर दिया जाता है। यह बौद्धिक स्वतंत्रता का वह रूप है जहाँ तर्क, भावना पर हावी होते हैं और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा जाता है। इसके अलावा, गुरुस्वामी का चयन उस वैश्विक छवि के अनुकूल भी है जहाँ भारत अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त और विविध बना रहा है। एक 'रोड्स स्कॉलर' और वैश्विक स्तर पर सम्मानित कानूनी दिमाग का सदन में होना अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी एक सकारात्मक संदेश भेजता है। यह दर्शाता है कि भारतीय लोकतंत्र अपनी सर्वोच्च संस्थाओं में प्रतिभा और विशेषज्ञता को उचित स्थान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मेनका गुरुस्वामी का राज्य सभा की दहलीज पर खड़ा होना केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह उन मूल्यों की जीत है जिन्हें उन्होंने जीवन भर जिया है। यह लोकतंत्र के फेफड़ों में ताजी हवा के झोंके की तरह है, जो हमें याद दिलाता है कि जब कानून और नैतिकता का मिलन होता है, तो समाज वास्तव में स्वतंत्र होता है। उनके आने से राज्य सभा की गरिमा बढ़ेगी और देश को एक ऐसी सशक्त आवाज मिलेगी जो संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगी। यह वास्तव में भारतीय संसदीय राजनीति में एक नई सुबह और स्वतंत्रता की एक नई बयार है।

शख्सियत | रवि शंकर

## साधना, सुर और सफलता की अमर गाथा



रवि शंकर का जीवन केवल एक महान कलाकार की सफलता की कहानी नहीं, बल्कि तप, त्याग, अनुशासन और अटूट संकल्प की प्रेरक यात्रा है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि यदि व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हो, तो वह सीमाओं को पार कर विश्व स्तर पर पहचान बना सकता है।

7 अप्रैल 1920 को वाराणसी में जन्मे रवि शंकर का प्रारंभिक जीवन साधारण परिस्थितियों में बीता। बचपन में वे अपने बड़े भाई के नृत्य दल के साथ विदेश यात्राओं पर गए, जहां उन्हें मंचीय जीवन, प्रसिद्धि और विविध संस्कृतियों का अनुभव मिला। परंतु उनके भीतर केवल प्रसिद्धि नहीं, बल्कि गहराई और साधना की खोज थी। यही खोज उन्हें संगीत की ओर ले गई। उनके जीवन का सबसे निर्णायक समय तब आया, जब उन्होंने विलासिता से भरे जीवन को त्यागकर महान गुरु अल्लाउद्दीन खा के सान्निध्य में कठिन साधना का मार्ग चुना। गुरु के यहां प्रशिक्षण अत्यंत कठोर था। घंटों तक निरंतर रियाज, सख्त अनुशासन और पूर्ण समर्पण की अपेक्षा की जाती थी। कई बार उनकी उंगलियां छिल जातीं, दर्द असहनीय होता, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि असली सफलता आराम से नहीं, बल्कि संघर्ष और निरंतर अभ्यास से मिलती है। एक अन्य घटना उनके अंतरराष्ट्रीय जीवन से जुड़ी है। जब वे पहली बार पश्चिमी देशों में भारतीय शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत करने गए, तब वहां के श्रोता इस शैली से परिचित नहीं थे। प्रारंभ में उन्हें अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन उन्होंने धैर्य और विश्वास के साथ अपने संगीत को प्रस्तुत करना जारी रखा। धीरे-धीरे उनके सुरों ने लोगों के दिलों में जगह बना ली और भारतीय संगीत विश्व मंच पर गूंजने लगा। यह हमें सिखाता है कि नई राह पर चलने वालों को शुरुआती कठिनाइयों से घबराना नहीं चाहिए। उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण और प्रेरक पहलू जॉर्ज हैरिसन के साथ उनका संबंध है। जब विश्वप्रसिद्ध बैंड के गिटारिस्ट उनके शिष्य बने, तब यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं थी, बल्कि भारतीय संस्कृति की वैश्विक स्वीकृति का प्रतीक था। रवि शंकर को पश्चिमी जगत में "भारतीय संगीत के राजदूत" और "सितार के जादूगर" के रूप में जाना जाता था। उनके सुरों में ऐसी शक्ति थी कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते थे और संगीत के माध्यम से एक आध्यात्मिक अनुभूति का अनुभव करते थे। विशेष बात यह रही कि अपार सफलता और सम्मान प्राप्त करने के बाद भी उन्होंने अपनी साधना को कभी नहीं छोड़ा। वे मानते थे कि संगीत एक अनंत यात्रा है, जिसमें सीखने की कोई सीमा नहीं होती। यही विनम्रता और समर्पण उन्हें महान बनाता है। उन्होंने जीवन के अंतिम वर्षों तक मंच पर प्रस्तुति दी और नई पीढ़ी को मार्गदर्शन देते रहे, जो उनकी कर्मनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण है। रवि शंकर को अनेक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिनमें ग्रैमी पुरस्कार प्रमुख है, और भारत सरकार ने उन्हें 'भारत रत्न' से अलंकृत किया। लेकिन उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाया और उसे वैश्विक पहचान दिलाई। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि यदि हमारे भीतर दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और अपने कार्य के प्रति सच्चा प्रेम हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। रवि शंकर की यह प्रेरक गाथा आज भी हर व्यक्ति को अपने सपनों के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देती है।

# भारत में युवा शादियों से दूरी क्यों बना रहे हैं



अमित ब्रिज
कार्यकारी संपादक

> भले ही भारत में तलाक की दर अभी भी लगभग 1% के आसपास है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में यह तेजी से बढ़ रही है। युवा अब रिश्तों में "क्वालिटी" को प्राथमिकता दे रहे हैं, न कि केवल "स्थायित्व" को। महिलाओं की भूमिका में बदलाव भी इस प्रवृत्ति का एक बड़ा कारण है। पहले जहां विवाह महिलाओं के लिए सामाजिक अनिवार्यता माना जाता था, वहीं अब वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, भारत में महिलाओं की कार्यभागीदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है, और इसके साथ ही विवाह को लेकर उनकी प्राथमिकताएं भी बदल रही हैं।

भारत में विवाह संस्था लंबे समय से सामाजिक स्थिरता का आधार रही है, लेकिन पिछले एक दशक में एक स्पष्ट बदलाव दिखाई दे रहा है—युवा पीढ़ी शादियों से दूरी बना रही है या उन्हें टाल रही है। यह केवल एक सांस्कृतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारणों से जुड़ा गहरा बदलाव है। सबसे पहले आंकड़ों की बात करें तो राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5, 2019-21) के अनुसार, 20-24 वर्ष की आयु में शादी करने वाली महिलाओं का प्रतिशत घटकर लगभग 23% रह गया है, जबकि एक दशक पहले यह आंकड़ा 47% के करीब था। पुरुषों में भी विवाह की औसत आयु बढ़कर 26-29 वर्ष तक पहुंच गई है। वहीं, प्यू रिसर्च सेंटर की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत के शहरी युवाओं में विवाह को लेकर प्राथमिकताएं तेजी से बदल रही हैं—करीब 45% युवा मानते हैं कि शादी जरूरी नहीं है, जबकि 30% से अधिक इसे जीवन का "वैकल्पिक निर्णय" मानते हैं। इस बदलाव का सबसे बड़ा कारण आर्थिक दबाव है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 में भारत में युवाओं (20-30 वर्ष) की बेरोजगारी दर लगभग 16-18% के बीच रही। जब स्थायी नौकरी, घर और आर्थिक सुरक्षा ही सुनिश्चित नहीं है, तो शादी जैसे बड़े निर्णय को टालना स्वाभाविक हो जाता है। महानगरों—जैसे मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु—में जीवन-यापन की लागत इतनी अधिक है कि एक मध्यमवर्गीय युवा के लिए शादी और परिवार चलाना आर्थिक चुनौती बन गया है।

दूसरा बड़ा कारण करियर प्राथमिकता है। आज का युवा पहले अपनी पहचान, स्थिरता और सफलता सुनिश्चित करना चाहता है। लिंक्डइन के एक सर्वे के अनुसार, भारत के 62% युवा प्रोफेशनल्स का मानना है कि शादी से पहले करियर में स्थिरता जरूरी है। खासकर महिलाओं में यह प्रवृत्ति और मजबूत है—उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ने से वे विवाह को टाल रही हैं। तीसरा महत्वपूर्ण पहलू व्यक्तिगत स्वतंत्रता और बदलती मानसिकता है। आज के युवा रिश्तों को "साझेदारी" के रूप में देखते हैं, न कि सामाजिक



बाध्यता के रूप में। टिंडर और बम्बल जैसे प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते उपयोग से यह स्पष्ट है कि युवा पारंपरिक विवाह से पहले अपने विकल्पों को समझना चाहते हैं। 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ऑनलाइन डेटिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या 8 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। इसके अलावा, तलाक के बढ़ते मामलों ने भी युवाओं के मन में विवाह को लेकर संदेह पैदा किया है। भले ही भारत में तलाक की दर अभी भी लगभग 1% के आसपास है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में यह तेजी से बढ़ रही है। युवा अब रिश्तों में "क्वालिटी" को प्राथमिकता दे रहे हैं, न कि केवल "स्थायित्व" को। महिलाओं की भूमिका में बदलाव भी इस प्रवृत्ति का एक बड़ा कारण है। पहले जहां विवाह महिलाओं के लिए सामाजिक अनिवार्यता माना जाता था, वहीं अब वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, भारत में महिलाओं की कार्यभागीदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है, और इसके साथ ही विवाह को लेकर उनकी प्राथमिकताएं भी बदल रही हैं। वे अब समझौता करने के बजाय सही साथी की प्रतीक्षा करना पसंद करती हैं। सोशल मीडिया और वैश्विक प्रभाव ने भी इस सोच को बदल दिया है।

इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर स्वतंत्र जीवनशैली, एकल यात्रा और व्यक्तिगत सफलता की कहानियां युवाओं को प्रभावित कर रही हैं। इससे विवाह को जीवन का "अनिवार्य पड़ाव" मानने की सोच कमजोर हो रही है। हालांकि, यह कहना गलत होगा कि युवा पूरी तरह से शादी से दूर भाग रहे हैं। वे बस सही समय, सही व्यक्ति और सही परिस्थितियों का इंतजार कर रहे हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, भारत में अब भी 90% से अधिक लोग जीवन में कभी न कभी विवाह करते हैं, लेकिन समय और तरीका बदल गया है। इस परिवर्तन के सामाजिक प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं। एक ओर जहां जनसंख्या वृद्धि दर धीमी हो रही है, वहीं दूसरी ओर एकल जीवन और छोटे परिवारों का चलन बढ़ रहा है। इससे उपभोग, आवास और सामाजिक संरचना पर भी असर पड़ रहा है।

यह बदलाव किसी संकट का संकेत नहीं, बल्कि एक विकसित होते समाज की पहचान है। युवा अब शादी को मजबूरी नहीं, बल्कि एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय बनाना चाहते हैं। यह प्रवृत्ति भले ही पारंपरिक मान्यताओं को चुनौती दे रही हो, लेकिन यह एक अधिक जागरूक, आत्मनिर्भर और संतुलित समाज की ओर भी इशारा करती है।

हमारी गीता

# अर्जुन, धृतराष्ट्र और विवेक की यात्रा



स्वामिनी निष्कलानंदा
चिन्मय मिशन कल्याण

भारतीय दर्शन में श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को देखने की एक गहरी दृष्टि है, जो मनुष्य को अज्ञान, मोह और विवेक के बीच का अंतर समझाती है। कुरुक्षेत्र का युद्ध केवल दो सेनाओं का संघर्ष नहीं, बल्कि मानव मन के भीतर चलने वाले धर्म और अधर्म के द्वंद्व का प्रतीक है। इसी गहन प्रसंग में अज्ञानरूपी अंधकार और ज्ञानरूपी प्रकाश का अद्भुत चित्रण मिलता है। महर्षि वेदव्यास ने इस महान ग्रंथ की रचना केवल कथा के रूप में नहीं, बल्कि तत्त्वज्ञान को समझाने वाले नाट्य रूप में की है, जिसमें हर पात्र मनुष्य की किसी न किसी मानसिक अवस्था का प्रतिनिधित्व करता है। जब संजय धृतराष्ट्र को कुरुक्षेत्र का सीधा वर्णन सुनाते हैं, तब यह केवल दृश्य नहीं, बल्कि अंतरात्मा की चेतना और अचेतन मन के संवाद का प्रतीक बन जाता है। अर्जुन जब युद्धभूमि में अपने धनुष-बाण त्यागकर शोक में बैठ जाते हैं, तब यह दृश्य केवल एक योद्धा की निराशा नहीं, बल्कि उस क्षण का प्रतीक है जब मनुष्य कर्तव्य और मोह के बीच उलझ जाता है। उनके भीतर उठता प्रश्न यह है कि अपने ही प्रियजनों के विरुद्ध युद्ध कैसे किया जाए। यही वह बिंदु है जहां अज्ञान का धुंधलापन विवेक को ढकने लगता है। दूसरी ओर, धृतराष्ट्र का मन मोह और ममता से पूरी तरह ग्रस्त है। वे सत्य को देख और सुन सकते हैं, परंतु समझने की क्षमता खो चुके हैं। जैसे बरसात में पहनी हुई मोटी बरसाती शरीर को भीगने नहीं देती, वैसे ही उनका मोह उन्हें सत्य के प्रभाव से दूर रखता है। संजय का प्रयास होता है कि किसी प्रकार धृतराष्ट्र का मन बदल जाए



और युद्ध रुक सके, किंतु अज्ञान की गहरी परतें उसे रोक देती हैं। गांधारी का प्रतीकात्मक नेत्रबंधन यह दर्शाता है कि जब विवेक स्वयं अज्ञान के साथ जुड़ जाए, तो निर्णय और भी भ्रमित हो जाते हैं। इसी अज्ञान और अविवेक के मिलन से अहंकार रूपी दुर्योधन का जन्म होता है, जो धर्म को जानने के बावजूद उसका पालन नहीं करता। वह स्वयं स्वीकार करता है कि वह धर्म को जानता है, परंतु उसकी प्रवृत्ति अधर्म की ओर ही रहती है। इसके विपरीत अर्जुन सरल, ऋजु और धर्म की खोज करने वाले हैं। उनके भीतर प्रश्न है, संदेह है, लेकिन सत्य को जानने की इच्छा भी है। यही उनकी सबसे बड़ी विशेषता है।

जीवन ऊर्जा | जैकी चैन : जन्म : 7 अप्रैल 1954 | जन्म

> जैकी चैन विश्वप्रसिद्ध अभिनेता, मार्शल आर्टिस्ट और फिल्म निर्माता हैं। उनका जन्म 7 अप्रैल 1954 को हांगकांग में हुआ। उन्होंने एक्शन और कॉमेडी का अनोखा मिश्रण प्रस्तुत किया। अभिनय के साथ-साथ वे बड़े परोपकारी भी हैं! लगभग 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा राहत और गरीब बच्चों की सहायता के लिए दान किए हैं।

## कठिनाइयां तुम्हें मजबूत बनाने के लिए आती हैं

मैं असफलता से नहीं डरता, बल्कि कोशिश न करने से डरता हूं। सफलता पाने के लिए जोखिम उठाना जरूरी है। मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। हर दिन कुछ नया सीखो। गिरना बुरा नहीं, उठना छोड़ देना बुरा है। अपने डर का सामना करो, वही तुम्हें मजबूत बनाता है। अनुशासन सफलता की पहली सीढ़ी है। अपने काम से प्यार करो, सफलता खुद आएगी। कभी हार मत मानो, चाहे हालात कितने भी कठिन हों। आत्मविश्वास सबसे बड़ा हथियार है। जो तुम सोचते हो, वही बनते हो। सपने देखो और उन्हें पूरा करने की हिम्मत रखो। सफलता छोटे-छोटे प्रयासों का परिणाम है। अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखो। कठिनाइयां तुम्हें मजबूत बनाने के लिए आती हैं। हर असफलता एक नई सीख देती है। समय का सही उपयोग ही सफलता है। खुद पर विश्वास रखो, दुनिया भी विश्वास करेगी। सच्ची सफलता मेहनत और धैर्य से मिलती है। अपने जुनून को कभी मत छोड़ो। चुनौतियां अवसर का दूसरा रूप हैं। जो आज कठिन लगता है, वही कल आसान होगा। अपनी सीमाओं को तोड़ो और आगे बढ़ो। सकारात्मक सोच ही असली शक्ति है। दूसरों से



सीखो, लेकिन खुद पर भरोसा रखो। हमेशा बेहतर बनने की कोशिश करो। जीवन एक यात्रा है, इसे पूरी तरह जियो। सफलता के लिए धैर्य बहुत जरूरी है। अपने सपनों के लिए लड़ो। कभी भी खुद को कम मत समझो। मेहनत जितनी कठिन होगी, सफलता उतनी ही शानदार होगी। हर चुनौती तुम्हें बेहतर बनने का मौका देती है। खुद को हर दिन थोड़ा-थोड़ा सुधारो। सफलता का रहस्य निरंतर प्रयास में छिपा है। अपने लक्ष्य के ppl समर्पण ही असली ताकत है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



# सब अस्थायी है : नौकरी, धन, प्रतिष्ठा और सामाजिक छवि

आज का मनुष्य सुविधाओं, संबंधों और सफलता की दौड़ में इतना उलझ गया है कि उसका मन निरंतर अशांत रहता है। इच्छाओं की यह अनंत श्रृंखला उसे भीतर से कमजोर बना देती है। भारतीय दर्शन में इस समस्या का समाधान केवल उपदेश नहीं, बल्कि कथाओं के माध्यम से अत्यंत सरल रूप में समझाया



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

गया है। ऐसी ही एक प्रेरक कथा भगवान विष्णु से जुड़ी है, जो आसक्ति के त्याग और कर्तव्य के संतुलन का गहरा संदेश देती है। कथा के अनुसार एक बार देवर्षि नारद भगवान विष्णु से यह जानने के लिए उत्सुक हुए कि "माया" कितनी शक्तिशाली है। भगवान विष्णु ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे स्वयं इसका अनुभव कराएंगे। उन्होंने नारद से कहा कि वे उनके साथ एक नगर की यात्रा करें। मार्ग में भगवान विष्णु ने एक सामान्य मानव का रूप धारण कर लिया और एक सुंदर नगर में गृहस्थ जीवन आरंभ किया। वहाँ उन्होंने विवाह किया, परिवार बसाया और समय के साथ राजसी जीवन जीने लगे। नारद यह सब देखकर आश्चर्य में पड़ गए। समय बीतता गया और एक दिन उस नगर में भयंकर बाढ़ आ गई। पूरा नगर जलमग्न होने लगा। भगवान विष्णु के मानव रूप में परिवार संकट में पड़ गया। वे अपने बच्चों और पत्नी को बचाने का प्रयास करने लगे। नारद भी उनकी सहायता में जुट गए, लेकिन जल का प्रवाह इतना तेज था कि सब कुछ बहने लगा। उसी क्षण भगवान विष्णु ने सब कुछ समाप्त होते दिखाया और नारद से पूछा, "कहिए, माया कैसी लगी?" नारद अत्यंत विचलित हो गए। उन्होंने समझा कि कुछ क्षण पहले जो संसार इतना वास्तविक लग रहा था, वह एक पल में नष्ट हो सकता है। तब भगवान विष्णु ने अपना वास्तविक स्वरूप प्रकट किया और कहा कि यही माया है—जिससे मनुष्य इतना जुड़ जाता है कि सत्य को भूल जाता है। यह कथा आज के जीवन में अत्यंत प्रासंगिक है। आज मनुष्य भी अपने काम, रिश्तों और वस्तुओं में इतना आसक्त हो जाता है कि उसे यह एहसास ही नहीं रहता कि सब कुछ अस्थायी है। नौकरी, धन, प्रतिष्ठा और सामाजिक छवि—सब कुछ बदल सकता है, फिर भी मनुष्य इन्हीं में अपनी पहचान खोजता है। श्रीकृष्ण ने भी श्रीमद्भगवद्गीता में यही संदेश दिया कि कर्म करो, लेकिन फल की आसक्ति मत रखो। जब मनुष्य परिणाम की चिंता छोड़कर केवल अपने कर्तव्य पर ध्यान देता है, तब उसका मन स्थिर रहता है। आज के डिजिटल युग में यह आसक्ति और भी बढ़ गई है। लोग लगातार तुलना,



प्रतिस्पर्धा और बाहरी दिखावे में उलझे रहते हैं। लेकिन विष्णु की यह कथा हमें याद दिलाती है कि वास्तविक शक्ति बाहरी नियंत्रण में नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन में है। अंततः यह कथा हमें यह सिखाती है कि संसार से भागना समाधान नहीं है, बल्कि उसे समझकर उसके प्रति आसक्ति छोड़ना ही वास्तविक मुक्ति है। भगवान विष्णु का यह संदेश आज भी उतना ही सत्य है जितना युगों पहले था—कि जो अनासक्त होकर जीता है, वही सच्चे अर्थों में शांत और मुक्त जीवन जीता है।

## अपने विचार

गुजरात के लोगों को नरेंद्र मोदी आसानी से गुमराह कर सकते हैं, लेकिन केरल के लोग 'ज्यादा समझदार और शिक्षित' हैं, इसलिए उन्हें कोई भ्रमित नहीं कर सकता। 9प्रधानमंत्री मोदी और पिनरायी विजयन दोनों एक ही राह पर चल रहे हैं और उनके बीच सिर्फ पार्टी का फर्क है।



-मल्लिकार्जुन खडगे
अध्यक्ष, कांग्रेस

'कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह बयान पार्टी की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है, जो 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' जैसे विचार को आगे बढ़ाना चाहती है। यह पहली बार नहीं है जब ऐसा बयान दिया गया हो। इससे पहले भी पी। चिदंबरम ने कहा था कि अगर उत्तर भारत नहीं होता तो दक्षिण भारत बहुत आगे होता।



- सुधांशु त्रिवेदी
नेता, भजपा

'सच को लोगों के सामने लाना जरूरी है' .ये जरूरी है कि पर्दे पर वही दिखाया जाए जो समाज में हुआ है और हो रहा है। असल में, हमें रिसर्च के जरिए अपने इतिहास को भी ठीक करने की जरूरत है, इतिहास के वे पन्ने जो फाड़ दिए गए थे! उस सच को लोगों के सामने लाना जरूरी है।'



-रवि किशन
नेता, भाजपा

बड़ी संख्या में लोग खराट के बारे में जानकारी देने आ रहे हैं। वजह, लोगों का भरोसा बढ़ रहा है। उन्होंने कहाकि अब तक लगभग 12 मामले दर्ज किए गए हैं। लोगों को एसआईटी पर भरोसा करना चाहिए, जो बहुत अच्छा काम कर रही है।



-देवेन्द्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

**अपने विचार**
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई-400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### मुंबई सेंट्रल में ट्रैक कार्य के कारण ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन

**मुंबई।** मुंबई सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 05 पर पूर्ण ट्रैक नवीनीकरण (CTR) कार्य के मद्देनज़र 60 दिनों का ब्लॉक तत्काल प्रभाव से लिया जा रहा है। इसके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। ट्रेन संख्या 22946 ओखा–मुंबई सेंट्रल सौराष्ट्र मेल को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक दादर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। 07 अप्रैल से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22210 हजरत निजामुद्दीन–मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस को अगले आदेश तक प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को दादर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। 06 अप्रैल से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09186 कानपुर अनवरगंज–मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस को अगले आदेश तक प्रत्येक मंगलवार को दादर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। 09 अप्रैल से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09076 काठगोदाम–मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस को अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को दादर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा।

### मेगा शैक्षिक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, प्रतिभाओं को मिला मंच



**भिवंडी।** भिवंडी स्थित जी एम मोमिन वीमेंस कॉलेज स्टडी सेंटर में यशवंतराव चौहान महाराष्ट्र मुक्त विद्यापीठ के अंतर्गत बीए और एमए विद्यार्थियों के लिए 5 अप्रैल 2026 को मेगा शैक्षिक प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ, जिसमें भाषण, निबंध लेखन, सामान्य ज्ञान, सुलेख, अंताक्षरी, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी और ग़ज़ल गायन सहित आठ प्रतियोगिताओं में 132 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया; निर्णायक मंडल के आधार पर प्रत्येक प्रतियोगिता के पाँच श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिसके बाद रईस हाई स्कूल के उर्दू बसेरा ऑडिटोरियम में "महफ़िल-ए-इल्म-ओ-हुनर" शीर्षक से आयोजित समारोह में के एम ई सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी दानियाल काज़ी की अध्यक्षता में विजेताओं को पुरस्कार, प्रमाणपत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि विभिन्न अतिथियों और वक्ताओं ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और सकारात्मक सोच विकसित करने वाला बताया; कार्यक्रम का शुभारंभ कुरआन पाठ से हुआ, संचालन ज़फर आलम जामयी और सोफिया मोमिन ने किया तथा शिक्षकों व आयोजकों के सहयोग से यह आयोजन विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने वाला एक यादगार अवसर साबित हुआ।

# बिना टिकट यात्रा करने वालों पर रेलवे का हंटर

**▸▸ बेटिकट यात्रियों से वसूला 209 करोड़ का भारी जुर्माना**
**▸▸ वित्त वर्ष 2025-26 में 32.74 लाख मामले दर्ज**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान टिकट चेकिंग अभियान में एक नया इतिहास रच दिया है। बिना टिकट यात्रा करने वालों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ की गई इस बड़ी कार्रवाई से रेलवे को रिकॉर्ड तोड़ राजस्व प्राप्त हुआ है। पश्चिम रेलवे ने वित्त वर्ष 2025-26 में अनुशासन का नया मानक स्थापित किया है। साल भर चले सघन चेकिंग अभियानों के जरिए कुल 32.74 लाख अनियमित यात्रा के मामले पकड़े गए, जिनसे रेलवे के खजाने में 209.30 करोड़ रुपये जमा हुए। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में करीब 39% ज्यादा है।

### 11 महीने में ही मिशन फतह

रेलवे बोर्ड ने पश्चिम रेलवे के लिए टिकट चेकिंग राजस्व का जो लक्ष्य तय किया था, उसे विभाग की मुस्तैद टीम ने समय से पहले यानी मात्र 11 महीनों में ही हासिल कर लिया। अकेले मार्च 2026 के महीने में ही 2.87 लाख मामलों से 18.25 करोड़ का जुर्माना वसूला गया है।



### एसी लोकल में 'बिना टिकट' वालों पर स्ट्राइक

एसी लोकल ट्रेनों में सामान्य टिकट लेकर घुसने वाले यात्रियों के खिलाफ रेलवे ने विशेष अभियान चलाया। इसके परिणाम स्वरूप 1.3 लाख मामलों में 4.18 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। पिछले साल यह राशि 2.10 करोड़ थी, यानी इस बार वसूली में 99% से अधिक की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने स्पष्ट किया कि इन अभियानों का उद्देश्य केवल राजस्व कमाना नहीं, बल्कि उन वैध यात्रियों के हितों की रक्षा करना है जो ईमानदारी से टिकट खरीदकर यात्रा करते हैं।

### 54 करोड़ से ज्यादा का दंड

मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेनों (उपनगरीय खंड) में भी चेकिंग काफी सख्त रही। साल भर में 11.60 लाख से अधिक मामले सामने आए, जिनसे 54.55 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। मार्च के महीने में ही 1 लाख लोगों को बिना उचित टिकट के पकड़ा गया।

# गैस संकट के विरोध में वंचित बहुजन अघाड़ी का प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

गैस की कमी के विरोध में वंचित बहुजन आघाडी के कार्यकर्ताओं ने धामनकर नाका पर अनोखा प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे कार्यकर्ताओं ने चूल्हे पर रोटी सेंककर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने "नरेंद्र को सिलेंडर कब मिलेगा" जैसे नारे लगाते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा और देशभर में बढ़ती गैस की समस्या के समाधान की मांग की। इस आंदोलन में शहर अध्यक्ष मनीष देशमुख, महिला अघाड़ी की शहर अध्यक्ष छाया जाधव, महासचिव सुदाम अहिरे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मुख्य मांगें रखीं



यह प्रदर्शन वंचित बहुजन अघाड़ी द्वारा शुरू किए गए राज्यव्यापी आंदोलन का हिस्सा है, जिसके तहत विभिन्न शहरों में गैस संकट को लेकर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। प्रदर्शन के बाद संगठन की ओर से उपविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें गैस संकट से जुड़ी कई मांगें रखी गईं। ज्ञापन में कहा गया कि एलपीजी गैस की कमी के कारण छात्र, मजदूर और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने केंद्र सरकार से गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने, सिलेंडर प्राप्त करने की 25 दिन की शर्त में ढील देने और छात्रावासों में छात्रों के लिए सामुदायिक रसोई शुरू करने की मांग की।

# मध्य रेल के 24 टीटीई बने करोड़पति अर्जक

**▸▸ टिकट जांच से 25.78 करोड़ की आय**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

वित्तीय वर्ष 2025-26 में मध्य रेल के 24 टिकट जांच कर्मियों ने व्यक्तिगत टिकट जांच आय में 1 करोड़ रुपये से अधिक अर्जित कर 'करोड़पति अर्जक' का दर्जा हासिल किया है। इन कर्मचारियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से रेलवे राजस्व में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इन 24 कर्मचारियों में मुख्यालय के 10, भुसावल मंडल के 10, मुंबई मंडल के 3 तथा पुणे मंडल के 1 कर्मचारी शामिल हैं।

### निसार खान रहे शीर्ष पर



इन 24 टीटीई ने मिलकर वर्ष 2025–26 में कुल 25.78 करोड़ रुपये की टिकट जांच आय अर्जित की है। भुसावल मंडल के मुख्य यात्रा टिकट परीक्षक निसार खान ने 1.48 करोड़ रुपये की आय के साथ पहला स्थान हासिल किया। वहीं मुख्यालय स्क्वाड के मुख्य टिकट निरीक्षक एम. एम. शिंदे 1.46 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और भुसावल के संतोष कुमार गुप्ता 1.19 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### एम. एम. शिंदे ने लगातार दूसरी बार बनाई जगह

मुख्यालय स्क्वाड के एम. एम. शिंदे ने लगातार दूसरे वर्ष 1 करोड़ रुपये से अधिक की आय अर्जित कर अपनी निरंतरता और कार्यकुशलता का परिचय दिया है, जिससे वे विशेष रूप से चर्चा में रहे।

### अन्य 21 कर्मचारियों का भी शानदार प्रदर्शन

शेष 21 करोड़पति अर्जकों ने 1.00 करोड़ से 1.09 करोड़ रुपये के बीच आय अर्जित की है। इन सभी कर्मचारियों ने अपने-अपने स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस सूची में स्थान बनाया है।

# मुंबई मेट्रो की नई समय-सारिणी

**▸▸ मेट्रो 9 व 2 बी के शुरू होने से बदलेगा समय**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में मेट्रो नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है। 7 अप्रैल से मेट्रो लाइन 9 और लाइन 2 बी (चरण 1) के शुरू होने के बाद 8 अप्रैल से संशोधित और यात्री-अनुकूल समय-सारिणी लागू की जाएगी। इस कदम से उपनगरीय क्षेत्रों में कनेक्टिविटी और अधिक सुदृढ़ होगी। एमएमआरडीए ने प्रमुख मेट्रो कॉरिडोरों पर नई समय-सारिणी लागू करने का निर्णय लिया है। यह बदलाव नई लाइनों के शुभारंभ के साथ नेटवर्क को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

### लाइन 2B से हार्बर लाइन को मजबूती



मेट्रो लाइन 2B (मंडाले–डायमंड गार्डन, चेंबूर) का पहला चरण भी शुरू हो रहा है। 5.38 किमी लंबे इस कॉरिडोर पर पहली ट्रेन सुबह 6 बजे और आखिरी ट्रेन रात 10:15–10:30 बजे के बीच चलेगी। हर 9 मिनट 30 सेकंड में ट्रेन उपलब्ध होगी। दहिसर स्टेशन पर यात्री मेट्रो लाइन 2A और लाइन 7 के बीच बिना स्टेशन से बाहर निकले आसानी से इंटरचेंज कर सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और यात्रा अधिक सुविधाजनक बनेगी। नई समय–सारिणी और बढ़ी हुई फ्रीक्वेंसी से प्रतीक्षा समय कम होगा। पश्चिमी उपनगरों और विस्तारित क्षेत्रों के यात्रियों को तेज, आसान और निर्बाध यात्रा का लाभ मिलेगा। MMRDA आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने कहा कि नई लाइनों की शुरुआत और कॉरिडोर पुनर्गठन मुंबई मेट्रो विस्तार में एक बड़ा मील का पत्थर है। इससे 'मिनटों में मुंबई' के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी और भविष्य में 337 किमी के एकीकृत नेटवर्क की दिशा में शहर तेजी से आगे बढ़ेगा।

### कॉरिडोर-वार संचालन की प्रमुख जानकारी

मेट्रो लाइन 2A (अंधेरी पश्चिम–दहिसर पूर्व) पर पहली ट्रेन सुबह करीब 5:50 बजे और आखिरी ट्रेन रात 10:35 से 11 बजे तक चलेगी। पीक आवर्स में हर 6 मिनट और नॉन–पीक में 8–10 मिनट की फ्रीक्वेंसी रहेगी। वहीं, लाइन 7 और 9 के एकीकृत कॉरिडोर (गुंदवली–काशीगांव) पर पहली ट्रेन सुबह 5:30 बजे और आखिरी ट्रेन रात 11 बजे तक उपलब्ध होगी। इस रूट की कुल लंबाई 19.79 किमी है और पीक टाइम में लगभग 5:50 मिनट की फ्रीक्वेंसी रहेगी।

### लाइन 2A और 7 अब अलग कॉरिडोर

मेट्रो लाइन 2A और मेट्रो लाइन 7 अब स्वतंत्र कॉरिडोर के रूप में संचालित होंगी। इससे संचालन में स्पष्टता और यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ेगी। मेट्रो लाइन 7 को लाइन 9 के साथ जोड़ दिया गया है, जिससे अंधेरी पूर्व से मीरा–भायंदर (काशीगांव) तक सीधी और निर्बाध कनेक्टिविटी मिलेगी। यह ठाणे जिले तक मेट्रो की पहुंच का पहला बड़ा कदम है।

# अस्वली–पाडली खंड पर हटाया गया गति प्रतिबंध

**मुंबई।** सेंट्रल रेलवे के भुसावल मंडल ने यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने की दिशा में अहम कदम उठाया है। अस्वली–पाडली खंड पर आधारभूत संरचना सुधार के जरिए सुरक्षा और ट्रेन गति दोनों में सुधार किया गया है। भुसावल मंडल ने इस खंड की अप लाइन पर थ्रू फॉर्मेशन ट्रीटमेंट (TFTR) कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। यह कार्य ट्रैक की मजबूती और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए किया गया था।

### 800 मीटर लंबे हिस्से पर था प्रतिबंध

किलोमीटर 160.57 से 160.13 के बीच लगभग 800 मीटर लंबे हिस्से पर लंबे समय से 75 किमी प्रति घंटे का स्थायी गति प्रतिबंध (PSR) लागू था। विशेषकर मानसून के दौरान इस हिस्से की लगातार निगरानी करनी पड़ती थी। यह खंड अर्ध–घाट क्षेत्र में स्थित है, जहां पहुंच सीमित है। ट्रैक की ऊंचाई करीब 9 मीटर है और इसमें 2.26 डिग्री का मोड़ भी शामिल है, जिससे कार्य और अधिक जटिल हो गया था। TFTR कार्य को कट एंड कवर पद्धति से पूरा किया गया। इसमें 4 एक्सकेवेटर, 2 JCB, 3 हाइड्रा क्रेन, 1 वाइब्रेटरी रोलर और पानी के टैंकरों का उपयोग किया गया। इस परियोजना को 33 ट्रैफिक ब्लॉकों में पूरा किया गया, जिनमें प्रत्येक की औसत अवधि लगभग 2 घंटे 30 मिनट रही। सीमित समय में इस कार्य को पूरा करना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

# महावितरण ने बढ़ाई बिजली सुरक्षा जागरूकता, केंद्रीय मंत्री ने सराहा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय 'Ecamex-2026' प्रदर्शनी में महाराष्ट्र डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन (महावितरण) ने बिजली सुरक्षा और विभिन्न योजनाओं को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए महावितरण के प्रयासों की सराहना की और नई तकनीक अपनाने की अपील की।

### ऊर्जा क्षेत्र में राज्य की बढ़त और योजनाओं की जानकारी



कार्यक्रम में महावितरण के डायरेक्टर (एचआर) राजेंद्र पवार ने बताया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में राज्य ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। 'रिसोर्स एडिक्वेसी प्लान' के तहत सस्ती और टिकाऊ बिजली पर जोर दिया जा रहा है। सोलर ऊर्जा योजनाओं से 20 लाख से अधिक किसानों को दिन में बिजली मिल रही है, वहीं 'PM सूर्यघर फ्री बिजली योजना' से 5 लाख से ज्यादा घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है।

### बिजली सुरक्षा पर विशेष सत्र और जागरूकता अभियान

प्रदर्शनी के दौरान महावितरण के बूथ पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। चीफ इंजीनियर पंकज तगलपल्लेवार और डॉ. संतोष पाटनी ने विशेष सत्र में इलेक्ट्रिकल सेफ्टी पर जागरूकता बढ़ाई। इस मौके पर ECAM के पदाधिकारियों सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे और उपभोक्ताओं को सुरक्षित बिजली उपयोग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

# कैप्टन बी. के. त्यागी को मिला 'वरुण अवार्ड'

**मुंबई।** द शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (SCI) के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर कैप्टन बी. के. त्यागी को 63वें नेशनल मैरीटाइम डे समारोह में प्रतिष्ठित 'सागर सम्मान वरुण अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह भारतीय समुद्री क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। 'वरुण अवार्ड' कैप्टन त्यागी के लंबे समय से चले आ रहे उत्कृष्ट योगदान और प्रभावशाली नेतृत्व का प्रतीक है। उनके मार्गदर्शन में SCI ने समुद्री क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को हासिल किया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद कैप्टन त्यागी ने इसका श्रेय SCI के पूरे परिवार को दिया। उन्होंने किनारे और समुद्र में कार्यरत कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों को इस उपलब्धि का आधार बताया। कैप्टन त्यागी ने शिपिंग महानिदेशालय सहित विभिन्न मैरीटाइम संस्थाओं, इंडस्ट्री एसोसिएशनों, यूनियनों और क्लासिफिकेशन सोसाइटीज़ का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस सामूहिक सहयोग ने SCI को देश की सेवा में अग्रणी बनाए रखा है।

### आर्थिक विकास में मैरीटाइम सेक्टर की अहम भूमिका

उन्होंने अपने संबोधन में देश की आर्थिक प्रगति और वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने में मैरीटाइम सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। साथ ही सरकार द्वारा शिपिंग और शिपबिल्डिंग को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों और 70,000 करोड़ के सपोर्ट पैकेज की सराहना की। कैप्टन त्यागी ने कहा कि भारतीय मैरीटाइम इंडस्ट्री का भविष्य उज्ज्वल है।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

प्रियंका जैन
97699 94439

**मेष** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पठन–पाठन व लेखन आदि में मन लगेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त हो सकता है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्रों के साथ मजोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान–सम्मान मिलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। बाहर जाने का मन बनेगा। परिवार के साथ जीवन सुखमय गुजरेगा।

**मिथुन** अपेक्षित कार्यों में बाधा होगी। तनाव रहेगा। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास हानि का कारण बनेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय में निश्चितता रहेगी। शोक समाचार मिल सकता है। पुराना रोग परेशानी का कारण रहेगा। व्यय होगा।

**कर्क** अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। कीमती वस्तुएं गुम हो सकती हैं। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। लाभ में कमी रहेगी। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कर्ज लेना पड़ सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें।

**सिंह** रुका हुआ धन प्राप्त होने की संभावना है। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग आत्मशांति देगा। शत्रु परस्त होंगे। नौकरी में अधिकारी आप पर ध्यान देंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। घर–बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। वरिष्ठजनों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। भाग्य अनुकूल है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है।

**तुला** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। जीवनसाथी से तनाव रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी अन्य व्यक्ति के उकसावे में न आएं। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। झंझटों से दूर रहें। निवेश करने का सही समय नहीं है।

**वृश्चिक** परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। प्रमाद न करें। तीर्थदर्शन सुलभ हो सकते हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में तनाव रहेगा। कार्यभार बढ़ सकता है। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**धनु** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। व्यापार वृद्धि के लिए योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। लाभ में वृद्धि होगी। मान–सम्मान मिलेगा। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। पारिवारिक चिंता रहेगी।

**मकर** भेंट व उपहार की प्राप्ति से मान बढ़ेगा। बेरोजगारी दूर होने के योग हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा।

**कुंभ** संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे। कोई बड़ा कार्य हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाइयों से सहयोग प्राप्त होगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लापरवाही से कोई भी कार्य न करें।

**मीन** भूले–बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। कार्यों में गति आएगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। परिवार के सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। शत्रुओं से सावधान रहें।

# जीवन में बाधाओं और समस्याओं को दूर करने के प्राचीन उपाय

जीवन में हर व्यक्ति को कभी न कभी कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। चाहे वह विवाह में विलम्ब हो, आर्थिक समस्याएँ हों, मुकदमों में बाधाएँ हों या स्वास्थ्य और पारिवारिक शांति से जुड़ी परेशानियाँ, हर व्यक्ति समाधान की तलाश करता है। हमारे देश की प्राचीन परंपराओं और तांत्रिक विद्या में इन समस्याओं के लिए कुछ विशेष उपाय बताए गए हैं, जिन्हें यदि सही विधि और श्रद्धा के साथ किया जाए, तो लाभकारी माना जाता है। हालांकि, इन उपायों का मुख्य उद्देश्य मन की शांति, सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक संतुलन बनाना है। यदि विवाह में देरी हो रही हो, तो यह उपाय अक्सर प्रयोग में लाए जाते हैं। प्राचीन ग्रंथों और ज्योतिषीय परंपराओं के अनुसार, चार किलो जौ और 600 ग्राम कच्चे कोयले को दूध में मिलाकर किसी खुले दरिया में डालने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और विवाह के मार्ग में बाधाएँ कम होती हैं। यह उपाय विश्वास और श्रद्धा के आधार पर किया जाता है।




प्रियंका जैन
97699 94439

कानूनी मामलों में विजय प्राप्त करने के लिए भी कुछ विशेष उपाय बताए गए हैं। चार दिन लगातार, एक निश्चित समय पर, किसी श्मशान स्थल में बाहर से श्मशान में बादाम डालने की परंपरा है। ऐसा करने से मुकदमे में सफलता की संभावना बढ़ती है और न्यायिक बाधाएँ कम होती हैं।

मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भी विशेष उपाय किए जाते हैं। इसके लिए व्यक्ति को अपनी मनोकामना को कागज पर लिखना होता है और साथ में लोहे, तांबे और जस्त के टुकड़े लेकर ज़मीन में छेद करके उन्हें दबा देना चाहिए। उसके ऊपर मिट्टी भरने से माना जाता है कि इच्छाओं की पूर्ति होती है और नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। आर्थिक समस्याओं और संपत्ति के लेन-देन में सफलता पाने के लिए कुछ उपाय भी प्राचीन ग्रंथों में उल्लेखित हैं। जायदाद और संपत्ति को पूरी कीमत पर बेचने के लिए काले उड़द को चलते पानी में बहाना और लोहे की वस्तुओं का दान करना लाभकारी माना जाता है। इसके अलावा बच्चों में बादाम बांटना भी शुभ फल देने वाला माना गया है। व्यवसाय और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए नियमित दान करना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। धार्मिक स्थानों पर 43 दिन तक लगातार चने की दाल देना व्यक्ति की सुख-समृद्धि और वित्तीय स्थिति में सुधार लाता है। झगड़े, फसाद और व्यापारिक घाटों से बचने के लिए अपने वजन के बराबर कोयले को दरिया में प्रवाहित करने की परंपरा भी प्रचलित है।

व्यक्तिगत आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए शरीर पर सोने का चौकोर टुकड़ा पहनने की परंपरा भी प्राचीन काल से चली आ रही है। इसे पहनने से न केवल धन और वैभव बढ़ता है, बल्कि मानसिक शक्ति और आत्मविश्वास भी मजबूत होता है।

गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनाए रखने के लिए प्रतिदिन अपने भोजन का हिस्सा गाय, कौआ और कुत्ते को देना भी लाभकारी माना जाता है। यह दान और सेवा का प्रतीक है, जो घर में सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने में मदद करता है। सुरक्षा और दुर्घटनाओं से बचाव के लिए 8 छुहारे लाल कपड़े में बांधकर प्लास्टिक की थैली में अपने पास रखना या वाहन में रखना, और उसके साथ ॐ नमः शिवाय का जप करना शुभ माना गया है। यह उपाय विशेष रूप से यात्रा में सुरक्षित रहने और अचानक दुर्घटनाओं से बचाव के लिए किया जाता है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और किसी भी प्रकार की बिमारी दूर करने के लिए मरीज के वजन के बराबर जौ को चलते पानी में प्रवाहित करने की परंपरा भी प्रचलित है।

# 500 KM अंदर घुसकर मारेगा दिव्यास्त्र MK-1

**यूपी के स्टार्टअप ने बनाया एआई बेस्ड एडवांस्ड यूएवी**

**निगरानी और सटीकता के साथ लक्ष्य भेदने की क्षमता**

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार के बीच राजधानी लखनऊ स्थित एक निजी स्टार्टअप ने उन्नत ड्रोन तकनीक विकसित कर रक्षा क्षेत्र में नई संभावना पेश की है। तीन युवा उद्यमियों—पवन, रविंद्र पाल सिंह और सौरभ सिंह—द्वारा स्थापित कंपनी 'हॉवरिट' ने "दिव्यास्त्र एमके-1" नामक एडवांस्ड यूएवी तैयार किया है।



### सेना को सप्लाई होंगे यूपी की फैक्ट्री में बने ड्रोन

लागत के लिहाज से भी इसे पारंपरिक सैन्य ड्रोन के मुकाबले किफायती बताया जा रहा है। स्टार्टअप का कहना है कि राज्य की डिफेंस कॉरिडोर पहल और स्टार्टअप-समर्थक नीतियों ने तकनीकी विकास को गति दी है, जिसके चलते कंपनी अब भारतीय सेना के लिए ड्रोन आपूर्ति की दिशा में आगे बढ़ रही है और प्रारंभिक ऑर्डर भी प्राप्त कर चुकी है। कंपनी भविष्य में "एमके-2" संस्करण पर काम कर रही है, जिसकी प्रस्तावित रेंज 2000 किलोमीटर और पेलोड क्षमता 80 किलोग्राम तक होगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर में नई उत्पादन इकाई स्थापित की जा रही है।

### स्टार्टअप के द्वारा बनाए जा रहे यूएवी पर एक नजर

- 500 किमी रेंज और 5 घंटे तक उड़ान क्षमता वाला "दिव्यास्त्र एमके-1" ड्रोन तैयार
- एआई आधारित टारगेटिंग सिस्टम, 10,000 फीट ऊंचाई तक ऑपरेशन
- करीब 15 किलोग्राम पेलोड के साथ सटीक स्ट्राइक में सक्षम
- लागत के लिहाज से पारंपरिक सैन्य ड्रोन की तुलना में किफायती
- भारतीय सेना के लिए सप्लाई की दिशा में काम, शुरुआती ऑर्डर प्राप्त
- "एमके-2" वर्जन पर काम, 2000 किमी रेंज और 80 किलोग्राम पेलोड लक्ष्य
- यूपी डिफेंस कॉरिडोर में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, 20 ड्रोन/माह उत्पादन लक्ष्य
- निगरानी, सप्लाई और स्ट्राइक—तीनों के लिए मल्टी-रोल ड्रोन सिस्टम विकसित

### ड्रोन तकनीक की दिशा में युवा बदल रहे परिदृश्य

विशेषज्ञों के अनुसार, आधुनिक युद्ध में ड्रोन तकनीक की भूमिका तेजी से निर्णायक होती जा रही है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के युवाओं का यह नवाचार न केवल राज्य के औद्योगिक परिदृश्य में बदलाव का संकेत है। इस ड्रोन की खास बात इसकी AI आधारित तकनीक है। यह बिना GPS के भी काम कर सकता है। यानी अगर दुश्मन सिग्नल जाम कर दे तब भी यह अपना मिशन पूरा कर सकता है। यह स्वार्म तकनीक से लैस है। जिससे कई ड्रोन एक साथ मिलकर दुश्मन की एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकते हैं।

# एनआईए और एटीएस का दस ठिकानों पर छापा

**लाइसेंसी गन शॉप और ज्वेलरी शॉप की भी गहन तलाशी**

एजेंसी | पटना/नालंदा

बिहार के नालंदा जिले में हथियार तस्करी नेटवर्क की जांच के तहत सोमवार तड़के राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) और एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (ATS) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। यह ऑपरेशन सुबह करीब चार बजे शुरू हुआ और खबर लिखे जाने तक जारी रहा। जांच एजेंसियों ने लहेरी थाना क्षेत्र के लहेरी मोहल्ला सहित करीब 10 ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें एक लाइसेंसी गन शॉप और ज्वेलरी प्रतिष्ठान भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, 'पीके गन हाउस' समेत अन्य स्थानों पर हथियारों के स्टॉक और उनके नंबरों का मिलान कर दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है।




### मुकामी पुलिस को नहीं दी सूचना

कार्रवाई का दायरा लहेरी के अलावा चिकसौरा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव और हिलसा थाना क्षेत्र के राममूर्ति नगर तक फैला हुआ है, जहां एक साथ दबिश दी गई। इस समन्वित ऑपरेशन में करीब 100 पुलिस व केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी शामिल बताए जा रहे हैं। सुरक्षा कारणों से स्थानीय पुलिस को पूर्व सूचना सीमित स्तर पर ही दी गई थी। यह कार्यवाही सोहन कुआं मोहल्ला निवासी मोहम्मद परवेज से जुड़े मामले में की जा रही है। परवेज के पास से पहले करीब 1300 एके-47 (AK-47) और अन्य आधुनिक हथियारों के कारतूस बरामद किए गए थे। जिसकी जांच जारी है। जांच एजेंसियां संभावित अवैध हथियार आपूर्ति श्रृंखला और उससे जुड़े नेटवर्क की कड़ियों को खंगाल रही हैं।

### थाने से लगाए गए दो अधिकारी

अधिकारियों ने अभियान के संबंध में आधिकारिक विवरण साझा नहीं किया है। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने पुष्टि की कि उनके थाने के दो कर्मियों को वरीय अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई में शामिल किया गया है, लेकिन ऑपरेशन की प्रकृति और नेतृत्व को लेकर विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी के मामले में एनआईए ने नालंदा में 10 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया है. एनआईए की कई टीमें सुबह से ही छापेमारी में लगी हुई हैं. पिछले साल एजेंसी द्वारा दर्ज किए गए मामलों से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर अभियान चला रही है।

## 60 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

एजेंसी | पटना

बिहार में मौसम ने करवट ले ली है और अगले 48 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का प्रभाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और क्षेत्रीय चक्रवाती गतिविधियों के असर से 7 अप्रैल से मौसम बिगड़ना शुरू होगा, जबकि 8 अप्रैल को स्थिति अधिक गंभीर रहने की संभावना है।विभाग ने 8 अप्रैल के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। इस दिन राज्यभर में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, बिजली कड़कने और तेज बारिश की चेतावनी दी गई है। विशेष रूप से उत्तर-पूर्व, उत्तर-मध्य और उत्तर-पश्चिम बिहार के कई जिलों में ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है।ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों में अररिया, दरभंगा, पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, किशनगंज, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, समस्तीपुर, शिवहर, सीतामढ़ी और सुपौल शामिल हैं, जहां तेज हवा के साथ ओले गिरने की संभावना है।

# राहुल गांधी के मानहानि केस में सुनवाई टली

एजेंसी | सुलतानपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई सोमवार को टल गई। परिवादी पक्ष के अधिवक्ता द्वारा समय मांगने के कारण कोर्ट ने अगली तारीख 17 अप्रैल निर्धारित की है। मामले की सुनवाई मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में चल रही है।

### बेंगलुरु में राहुल गांधी ने की थी टिप्पणी

यह मामला वर्ष 2018 से जुड़ा है, जब राहुल गांधी पर बेंगलुरु में एक बयान के दौरान अमित शाह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था। इसी के आधार पर 4 अगस्त 2018 को भाजपा नेता विजय मिश्र ने मानहानि का परिवाद दायर किया था। अदालत ने 27 नवंबर 2023 को राहुल गांधी को तलब किया था। इसके बाद 20 फरवरी 2024 को उन्होंने अदालत में पेश होकर जमानत ली। हाल ही में 20 फरवरी 2026 को उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। अब मामले में आगे की सुनवाई 17 अप्रैल को होगी।

### अब 17 अप्रैल को सुनवाई

राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने मानहानि का परिवाद दायर किया था। कोर्ट ने 27 नवंबर 2023 को राहुल गांधी को विचारण के लिए अदालत में तलब किया था। 20 फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में हाजिर होकर अपनी जमानत कराई थी।



### अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला

कोर्ट ने 27 नवंबर 2023 को राहुल गांधी को विचारण के लिए अदालत में तलब किया था। 20 फरवरी 2026 को उनका बयान कोर्ट में दर्ज किया गया था।

# सैफी हत्याकांड: तीन दोषियों को फांसी की सजा

एजेंसी | मुजफ्फरनगर

अधिवक्ता समीर सैफी अपहरण एवं हत्या प्रकरण में अदालत ने कड़ा फैसला सुनाते हुए तीन दोषियों को मृत्युदंड और एक आरोपी को सात वर्ष के कारावास की सजा दी है। यह निर्णय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/ फास्ट ट्रैक कोर्ट-3 के पीठासीन अधिकारी रवि कुमार दिवाकर ने सुनाया। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के लद्दावाला निवासी 28 वर्षीय समीर सैफी के अपहरण और हत्या से जुड़ा है।



### सोनू, सिंगोल अल्वी और शालू को फांसी

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने छह गवाह प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर अदालत ने शनिवार को आरोप सिद्ध माना। इसके बाद सोमवार को सजा सुनाते हुए सोनू उर्फ रिजवान, सिंगोल अल्वी और शालू उर्फ अरबाज को अपहरण, हत्या, फांसी की सजा सुनाई गई।

# जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी को उम्रकैद

**धारा 302 और 120बी का अपराध सिद्ध होने पर हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला**

एजेंसी | बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद उच्च न्यायालय ने अहम फैसला सुनाते हुए अमित जोगी को दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही उन पर 1,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त छह माह का कारावास भुगतना होगा।



### 28 आरोपितों को ठहराया गया था दोषी

यह मामला 4 जून 2003 का है, जब रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच के दौरान कुल 31 लोगों को आरोपित बनाया गया, जिनमें से दो सरकारी गवाह बन गए थे। निचली अदालत ने 28 आरोपितों को दोषी ठहराया था, जबकि 2007 में विशेष अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए अमित जोगी को बरी कर दिया था।

# इस्टीमेट लेकर आइए, सरकार करवाएगी इलाज: आदित्यनाथ

**लंबित चिकित्सकीय पत्रावलियों के शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण के निर्देश**

एजेंसी | गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक अभाव किसी भी जरूरतमंद के लिए बाधा नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को उच्चीकृत अस्पताल से इलाज का इस्टीमेट प्राप्त कराना चाहिए, जिसके आधार पर सरकार मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी।



### पात्र लाभार्थियों को मिले लाभ

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को शासन की योजनाओं से वंचित न रखा जाए और उन्हें तत्काल लाभ दिलाया जाए। इसी क्रम में सिद्धार्थनगर से को पेंशन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।

## 2027 में भाजपा लगाएगी हैट्रिक: पंकज चौधरी

एजेंसी | लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने ध्वजारोहण किया और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक का लक्ष्य दोहराया। इस मौके पर धर्मपाल सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संबोधित करते हुए संगठन को "विश्व का सबसे बड़ा सेवा संगठन" बताया।




# बाजार में लौटी रौनक, 1478 अंक उछला सेंसेक्स

**निफ्टी 50 ने की 455 अंक से ज्यादा की रिकवरी**

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को मजबूत वापसी दर्ज की गई। शुरुआती गिरावट के बाद दिन के दूसरे सत्र में तेज खरीदारी के चलते बीएसई सेंसेक्स निचले स्तर से 1,478 अंक से अधिक उछल गया, जबकि निफ्टी 50 ने भी 455 अंक से ज्यादा की रिकवरी की। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 787 अंक की बढ़त के साथ 74,106.85 और निफ्टी 255 अंक चढ़कर 22,968.25 पर बंद हुआ। बैंकिंग, वित्तीय और रियल्टी शेयरों में मजबूत खरीदारी ने बाजार को सहारा दिया, जबकि आईटी, ऑटो, एफएमसीजी और मेटल सेक्टर भी बढ़त के साथ बंद हुए।



### 427.41 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

बाजार की इस तेजी से निवेशकों की संपत्ति में उल्लेखनीय इजाफा हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर लगभग 427.41 लाख करोड़ रुपये हो गया, जिससे निवेशकों को एक ही दिन में करीब 5.04 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ। कारोबार के दौरान बीएसई में 4,500 से अधिक शेयरों में ट्रेडिंग हुई, जिनमें अधिकांश शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। इसी तरह एनएसई में भी बड़ी संख्या में शेयरों में तेजी दर्ज की गई, जो बाजार की व्यापक मजबूती को दर्शाता है।

### रिलायंस, ओएनजीसी में गिरावट

दिग्गज शेयरों में ट्रेंट, श्रीराम फाइनेंस, एक्सिस बैंक, अदानी एंटरप्राइजेज और टाइटन कंपनी प्रमुख बढ़त वाले शेयर रहे। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी, मैक्स हेल्थकेयर, आयशर मोटर्स और जेएसडब्ल्यू स्टील में गिरावट दर्ज की गई। विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए शांति प्रस्तावों की खबर से निवेशकों का भरोसा लौटा, जिसके बाद दूसरे सत्र में चौतरफा लिवाली देखने को मिली। बैंकिंग, वित्तीय और रियल्टी शेयरों में मजबूत खरीदारी ने बाजार को सहारा दिया, जबकि आईटी, ऑटो, एफएमसीजी और मेटल सेक्टर भी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, ऑयल एंड गैस इंडेक्स दबाव में रहा और इसमें गिरावट दर्ज की गई।इसके विपरीत, व्यापक बाजार में मजबूती रही, जहां मिडकैप इंडेक्स 1.52 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 1.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी में आज 67.20 अंक की छलांग लगा कर 22,780.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ने पर यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से 237.35 अंक लुढ़क कर 170.15 अंक की कमजोरी के साथ 22,542.95 अंक के स्तर तक गिर गया।

# विनय मुरलीधर टोंसे ने यस बैंक की जिम्मेदारी संभाली

एजेंसी | नई दिल्ली

विनय मुरलीधर टोंसे ने सोमवार को यस बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाल लिया। टोंसे ने प्रशांत कुमार की जगह ली है, जिनका विस्तारित कार्यकाल पांच अप्रैल को पूरा हो गया। विनय मुरलीधर टोंसे को आधिकारिक तौर पर मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पद पर तीन साल के लिए नियुक्त किया गया है। उन्होंने छह अप्रैल से एमडी एवं सीईओ का पदभार ग्रहण कर लिया है, जो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मंजूरी और शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन है।



### टोंसे को 35 साल से ज्यादा का अनुभव

यस बैंक के मुताबिक 35 साल से ज्यादा के कार्य अनुभव रखने वाले बैंकिंग क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञ टोंसे ने बैंक के विकास के अगले चरण का नेतृत्व करने के लिए प्रशांत कुमार की जगह ली है। टोंसे ने ट्रेजरी, खुदरा बैंकिंग, कॉरपोरेट बैंकिंग, अंतरराष्ट्रीय परिचालन और परिसंपत्ति प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में काम किया है।

## NMDC: लौह अयस्क के दाम 11.1% बढ़े

एजेंसी | नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी ने लौह अयस्क के दामों में 11.1 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है। नई दरें 5 अप्रैल से प्रभावी हो गई है। कंपनी ने सोमवार को बीएसई, एनएसई और द कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को अपने लौह अयस्क के दामों में 11.1 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने की जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि पांच अप्रैल से लौह अयस्क की कीमतों में बदलाव किया गया है। एनएमडीसी ने कहा कि संशोधित कीमतें 'फ्री-ऑन-रेल' आधार पर तय की गई हैं। इनमें रॉयल्टी, जिला खनिज फाउंडेशन शुल्क, राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास अंशदान, माल एवं सेवा कर, पर्यावरण उपकर और अन्य कर जैसे वैधानिक शुल्क शामिल नहीं हैं।

# MSME और व्यापार को राहत दे सरकार: कैट

एजेंसी | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के संभावित आर्थिक प्रभावों को देखते हुए व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्र सरकार से व्यापार और एमएसएमई क्षेत्र के लिए त्वरित राहत उपायों की मांग की है। संगठन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजकर स्थिति से निपटने के लिए विशेष कदम उठाने का आग्रह किया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, आपूर्ति बाधाएं और लॉजिस्टिक्स लागत में उछाल से छोटे व्यापारियों और एमएसएमई पर दबाव बढ़ सकता है।



### लागत बढ़ने से उत्पादन और सप्लाई प्रभावित

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि लागत बढ़ने, कार्यशील पूंजी पर दबाव और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान से खासकर एमएसएमई क्षेत्र की स्थिति प्रभावित हो सकती है, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता पर असर पड़ेगा। इन परिस्थितियों को देखते हुए संगठन ने सरकार से ऋण अदायगी में अतिरिक्त समय, विशेष क्रेडिट गारंटी योजना, ब्याज सब्सिडी, ईंधन एवं कच्चे माल की कीमतों पर निगरानी और निर्यातकों के लिए फ्रेट व बीमा सहायता जैसे उपाय लागू करने की मांग की है, ताकि व्यापारिक गतिविधियों में स्थिरता बनी रह सके।

# 14 पैसे की बढ़त के साथ बंद हुआ रुपया

एजेंसी | नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय रुपया सोमवार को सीमित दायरे में मजबूत हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 93.04 (अस्थायी) पर बंद हुआ। हाल के दिनों में दबाव झेल रही घरेलू मुद्रा को भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से सहारा मिला है। विश्लेषकों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सट्टेबाजी पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों का असर मुद्रा बाजार में दिखा है, जिससे रुपये की गिरावट पर अंकुश लगा। पिछले सप्ताह शुरू हुई यह मजबूती सोमवार को भी जारी रही। घरेलू इक्विटी बाजार में तेजी ने भी रुपये को समर्थन दिया। बीएसई सेंसेक्स 74,106 और निफ्टी 50 22,968 के स्तर पर बंद हुए, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा और मुद्रा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें अभी भी चिंता का कारण बनी हुई हैं।



# कच्चे तेल की कीमत 115 डॉलर, बढ़ी चिंता

**ब्रेंट की कीमतों में 1.6 प्रतिशत का उछाल**

एजेंसी | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया है। सोमवार को कारोबार के दौरान क्रूड ऑयल 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया, जिससे वैश्विक महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा करीब 1.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 110.74 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 115 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर कारोबार करता दिखा।

### ...तब छह प्रतिशत से अधिक होगी महंगाई दर

विश्लेषकों के अनुसार, मध्य-पूर्व में आपूर्ति बाधित होने की आशंका ने कीमतों को सहारा दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्षेत्र में शिपिंग मार्गों पर दबाव और हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य से जुड़ी अनिश्चितता के कारण सप्लाई को लेकर जोखिम बढ़ा है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव ने बाजार की चिंता को और गहरा किया है। वित्तीय संस्था एचएसबीसी ने चेतावनी दी है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती हैं, तो वैश्विक महंगाई दर 6 प्रतिशत से अधिक हो सकती है। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा, क्योंकि ईंधन महंगा होने से परिवहन, बिजली उत्पादन और रोजमर्रा की वस्तुओं की लागत बढ़ जाती है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा हालात में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, जिससे घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर भी दबाव रहने की संभावना है।



# पिछले मैच में मिली हार को भूलाना चाहेगी मुंबई

राजस्थान रॉयल्स से आज होगा मुकाबला

**एजेंसी। गुवाहाटी**

गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को IPL 2026 का अहम मुकाबला खेला जाएगा, जहां राजस्थान रॉयल्स (RR) तीसरी जीत की तलाश में उतरेगी, जबकि मुंबई इंडियंस (MI) पिछली हार से उबरकर जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला बेहद दिलचस्प होने की उम्मीद है। राजस्थान रॉयल्स इस मैच में लगातार बेहतर प्रदर्शन के साथ उतर रही है। टीम का आत्मविश्वास हर मैच के साथ मजबूत हुआ है और हालिया जीतों ने खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा किया है।



### ऑलराउंडर और फिनिशर की ताकत

पांड्या, शार्दुल ठाकुर और मिशेल सैंटनर जैसे खिलाड़ी टीम को गहराई देते हैं। ये खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाकर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। मुंबई की गेंदबाजी उसकी सबसे मजबूत कड़ी है।

### रियान पराग की संतुलित कप्तानी

रियान पराग की कप्तानी में टीम ने एक नया संतुलन हासिल किया है। युवा खिलाड़ियों से सजी यह टीम बिना किसी दबाव के खेल रही है और अपनी क्षमताओं को पूरी तरह पहचानते हुए प्रदर्शन कर रही है। ओपनिंग में यशस्वी जायसवाल ने आक्रामक बल्लेबाजी से टीम को तेज शुरुआत दी है। वहीं वैभव सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी ने पावरप्ले में टीम को अतिरिक्त गति प्रदान की है। मध्यक्रम में ध्रुव जुरेल ने जिम्मेदारी के साथ पारी संभाली है, जबकि शिमरोन हेटमायर ने अंत में बड़े शॉट लगाकर मैच फिनिश करने की क्षमता दिखाई है। कप्तान पराग और रवींद्र जडेजा ने भी टीम को संतुलन और मजबूती दी है।

### मुंबई इंडियंस पर दबाव

दूसरी ओर मुंबई इंडियंस की टीम लगातार सफलताओं के इतिहास के साथ मैदान में उतरती है, लेकिन हालिया हार के बाद टीम पर वापसी का दबाव साफ नजर आ रहा है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में टीम अपनी निरंतरता वापस पाने की कोशिश कर रही है। टीम में अनुभव और युवा प्रतिभा का अच्छा मिश्रण है, लेकिन उसे स्थिर प्रदर्शन की दरकार है। रोहित शर्मा टीम को मजबूत शुरुआत देते हैं, जबकि सूर्यकुमार यादव अपनी रचनात्मक बल्लेबाजी से मध्यक्रम को गति देते हैं।

### गेंदबाजी में अब भी सुधार की जरूरत

हालांकि बल्लेबाजी मजबूत दिख रही है, लेकिन राजस्थान की गेंदबाजी अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर ने अच्छी शुरुआत दी है, लेकिन लगातार नियंत्रण बनाए रखना टीम के लिए चुनौती बना हुआ है। मध्य ओवरों में रवि बिश्नोई ने विकेट लेने की क्षमता दिखाई है, जबकि संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने अनुशासित गेंदबाजी से टीम का साथ दिया है।

### कौन मारेगा बाजी?

राजस्थान की युवा ऊर्जा और आत्मविश्वास का मुकाबला मुंबई के अनुभव और गहराई से होगा। मैच का परिणाम इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन सी टीम दबाव के क्षणों में बेहतर सामूहिक प्रदर्शन करती है। जसप्रीत बुमराह डेथ ओवरों में घातक साबित होते हैं, जबकि ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर नई गेंद से प्रभावी स्विंग देते हैं। स्पिन विभाग में सैंटनर और मयंक मार्कंडे टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। तिलक वर्मा और रयान रिकेल्टन ने भी लगातार योगदान दिया है।

## टी-20 में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं निकोलस

**एजेंसी। एंटीगुआ**

वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन इन दिनों टी-20 क्रिकेट में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके पूरन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत भी निराशाजनक अंदाज में की है। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए उन्होंने शुरुआती 2 मैचों में सिंगल-डिजिट स्कोर बनाए। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में भी वह सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए। 2026 में पूरन का प्रदर्शन लगातार गिरता दिख रहा है। IPL से पहले SA-20 लीग में उन्होंने 9 पारियों में केवल 152 रन बनाए थे, जहां उनका औसत 16.88 रहा और स्ट्राइक रेट 142.05 था। उनकी पिछली 9 टी-20 पारियों के स्कोर इस प्रकार रहा है- 1, 8, 2, 17, 17, 14, 33, 17 और 12 इस साल टी-20 में पूरन ने 9 पारियों में सिर्फ 121 रन बनाए हैं। उनका औसत 13.44 और स्ट्राइक रेट 117.5 है। पूरन टी-20 क्रिकेट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक गिने जाते हैं। जब वह लय में होते हैं, तो उनकी बल्लेबाजी देखने लायक होती है। उन्होंने दुनियाभर की टी-20 लीग्स में कुल 445 मैचों में 10,380 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 147.82 रहा है। उनके नाम 4 शतक और 63 अर्धशतक दर्ज हैं। वे टी-20 क्रिकेट में 712 छक्के जड़ चुके हैं।

## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

# मार्च महीने के लिए नामांकित हुए जसप्रीत बुमराह और संजू सैमसन

**एजेंसी। दुबई**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मार्च महीने के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए जसप्रीत बुमराह और संजू सैमसन को नामांकित किया है। इन दोनों खिलाड़ियों ने भारतीय टीम को टी-20 विश्व कप 2026 का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इनके अलावा दक्षिण अफ्रीका के कॉनर एस्टरहुइजन भी इस पुरस्कार के लिए नामित हुए हैं। बता दें कि एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। टी-20 विश्व कप में सैमसन को शुरुआती मुकाबलों में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला। हालांकि, जब उन्हें चुना गया तो उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीता था। इस खिलाड़ी ने 5 मैच की 5 पारियों में 80.25 की उम्दा औसत और 199.37 की स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाए थे। मार्च 2026 में उन्होंने 3 पारियों में 137.50 की औसत और 199.27 की शानदार स्ट्राइक रेट से 275 रन बनाए थे।




### बुमराह ने टी-20 विश्व कप 2026 में लिए थे सर्वाधिक विकेट

बुमराह ने टी-20 विश्व कप 2026 में 8 मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने 12.42 की औसत के साथ 14 विकेट लिए थे। वह उस टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। मार्च में बुमराह ने 3 मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने कुल 7 विकेट लिए थे। उन्होंने टी-20 विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट (4/15) लिए थे, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

### एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में किया था कमाल

एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पहली टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 5 मैचों में 200 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 50.00 और स्ट्राइक रेट 145.98 रहा था। SA20 सीजन में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद, एस्टरहुइज़न ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय की शुरुआत 45* रन बनाकर की थी। सीरीज के चौथे मैच में उन्होंने 33 गेंदों पर 57 रन बनाए थे, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया था।

### महिला वर्ग में इन्हे मिला स्थान

महिला वर्ग में मार्च महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए न्यूजीलैंड की अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और दक्षिण अफ्रीका की अयाबोंगा खाका नामांकित हुई हैं।

## महेंद्र सिंह धोनी कर सकते हैं टीम में वापसी

**एजेंसी। चेन्नई**

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपरकिंग्स के फैंस को लगातार 3 हार के बाद बड़ी राहत मिल सकती है। टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जल्द ही टीम में वापसी कर सकते हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले फिटनेस टेस्ट देंगे। अगर वह टेस्ट पास करते हैं, तो शनिवार को चेपॉक में मैदान पर खेलेंगे। बता दें, धोनी अब तक इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेले हैं।

### अगले 2 दिनों में होगा टेस्ट

अगले 2 दिनों में धोनी का फिटनेस टेस्ट होना है। उसके बाद ही उनके मैच खेलने पर फैसला किया जाएगा। बता दें, धोनी को IPL शुरू होने से पहले ही पिंडली में चोट लगी थी, जिसके कारण वह टीम के साथ यात्रा भी नहीं कर रहे हैं। हालांकि, वह लगातार ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा ले रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से पहले भी उन्होंने लंबे समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया था।



### ब्रेविस भी वापसी के करीब

सीएसके के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस भी वापसी के करीब हैं। उन्हें भी IPL शुरू होने से पहले साइड स्ट्रेन हुआ था, जिसके चलते वह अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं।

## पडिक्कल को नजरंदाज करना मुश्किल : कार्तिक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मेंटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि देवदत्त पडिक्कल जिस तरह से आईपीएल में बल्लेबाजी कर रहे हैं, उसे देखते हुए उन्हें भारतीय टीम से लंबे समय तक बाहर रखना मुश्किल होगा। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में पडिक्कल ने 29 गेंदों में 50 रन की संयमित लेकिन प्रभावी पारी खेलकर टीम की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई।

# हसरंगा को लेकर संदेह बरकरार

पथिराना जल्द कर सकते हैं वापसी

**एजेंसी। लखनऊ**

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए वनिंदु हसरंगा को लेकर स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है। फ्रेंचाइजी ने स्पिन गेंदबाज को 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा था, लेकिन वह अब तक टीम से नहीं जुड़े हैं। दूसरी ओर, कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मथीशा पथिराना की वापसी की उम्मीदें बढ़ रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, पथिराना ने अच्छी रिकवरी की है और जल्द मैदान पर वापसी कर सकते हैं।



### हसरंगा की उपलब्धता पर संशय

हसरंगा ने अभी तक IPL 2026 में अपनी उपलब्धता को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं दी है। बताया जा रहा है कि श्रीलंका क्रिकेट (SLC) उन्हें NOC देने से पहले फिटनेस टेस्ट कराना चाहता है, जो अब तक नहीं हुआ है। ऐसे में एलएसजी के लिए उनकी वापसी अनिश्चित बनी हुई है और टीम मैनेजमेंट विकल्प तलाश सकता है। 28 वर्षीय हसरंगा पिछले करीब 2 महीने से मैदान से दूर हैं।

### नेट पर पसीना बहा रहे पथिराना

पथिराना की वापसी को लेकर KKR के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर दी है। हालांकि, वह अभी पूरी गति से गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। अपने पहले दोनों मैच हार चुकी टीम को उम्मीद है कि पथिराना जल्द फिट हो जाएंगे। उनकी वापसी से KKR की गेंदबाजी को मजबूती मिल सकती है।

## बॉ ली वु ड

# 'हेरा फेरी 3' में देरी की अफवाहों को परेश रावल ने किया खारिज



फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह है। फैंस इस फिल्म को लेकर जिस बेकरारी से इंतजार कर रहे हैं, इसे लेकर उतनी ही तरह-तरह की अफवाहें आती रहती हैं। फिल्म को लेकर बीते दिनों ऐसी खबरें आईं कि इसमें देरी होगी। मगर, अब परेश रावल ने इस पर बात की और ऐसी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग पर भी अपडेट दिया। परेश रावल ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन के दौरान फिल्म 'हेरा फेरी 3' में देरी होने की अफवाहों को खारिज कर दिया। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि जिस सीक्वल का बेसब्री से इंतजार हो रहा था, वह जरूर बनेगा। अभिनेता ने मनी कंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'किसी भी बात पर ध्यान न दें। 'हेरा फेरी 3' आ रही है। मैं जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करूंगा'। बता दें कि इस फिल्म का एलान बीते वर्ष हुआ था। तब से ही 'हेरा फेरी 3' सुर्खियों में छाई हुई है। पहले ऐसी चर्चा थी कि परेश रावल ने इस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया है, लेकिन अब वे इस फ्रैंचाइजी के साथ फिर से जुड़ गए हैं। परेश रावल के 'हेरा फेरी 3' छोड़ने के बाद यह खबर फैल गई कि अक्षय ने उन पर 25 करोड़ रुपये के हर्जाने का मुकदमा किया है। उन्होंने समय रहते चीजों को सुलझा लिया, जिसके चलते अक्षय को मामला वापस लेना पड़ा। बात करें 'भूत बंगला' की तो यह फिल्म 16 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसमें अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। 'भूत बंगला' हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है। इस फिल्म में अक्षय और प्रियदर्शन ने 14 साल बाद काम किया है। फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा तब्बू, परेश रावल, राजपाल यादव, असरानी, मिथिला पालकर और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# एक्शन मोड में सनी देओल, 'एंटनी' को लेकर बढ़ी एक्साइटमेंट

सनी देओल अपनी अगली एक्शन फिल्म 'एंटनी' की तैयारी में जुट गए हैं। 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद अब अभिनेता एक बार फिर दमदार एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग का अगला शेड्यूल गोवा में रखा गया है, जहां करीब एक महीने तक बड़े स्तर पर एक्शन सीन फिल्माए जाएंगे। यह फिल्म एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही है, जिसे फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी प्रोड्यूस कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की शुरुआती शूटिंग मुंबई में पूरी की जा चुकी है, जिसके बाद अब निर्देशक बालाजी गणेश गोवा में एक महीने का बड़ा शेड्यूल शुरू करने जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, फिल्म की कहानी सनी देओल के एक पुलिस ऑफिसर किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो गोवा में सक्रिय एक आपराधिक गिरोह का पर्दाफाश करता है। इस दौरान कई बड़े और खतरनाक एक्शन सीक्वेंस फिल्माए जाएंगे, जिनमें सनी खुद भी हिस्सा लेते नजर आएंगे। फिल्म में ज्योतिका और विजय वर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे, जहां विजय वर्मा खलनायक के रूप में दिखाई देंगे। मेकर्स नाइट शूट और हाई-ऑक्टेन स्टंट्स के जरिए फिल्म को एक बड़े एक्शन एंटरटेनर के रूप में पेश करने की तैयारी में हैं।



## अक्षय ने फ्लॉप फिल्म पर लौटाए पैसे, एकता कपूर ने बताया सच

अभिनेता अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' का ट्रेलर 6 अप्रैल को मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान लॉन्च किया गया। इस मौके पर फिल्म की पूरी स्टारकास्ट के साथ प्रोड्यूसर एकता कपूर भी मौजूद रहीं। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान एकता कपूर ने अक्षय कुमार से जुड़ा एक पुराना किस्सा शेयर कर सभी को हैरान कर दिया। एकता कपूर ने बताया कि अपने 31 साल के करियर में उन्होंने ऐसा कभी नहीं देखा, जब किसी अभिनेता ने फिल्म के फ्लॉप होने पर अपनी फीस वापस की हो। उन्होंने कहा कि अक्षय कुमार खुद उनके पास चेक लेकर आए और कहा कि फिल्म में हुए नुकसान की भरपाई के लिए वह पैसे लौटा रहे हैं। इस पर एकता ने उन्हें मना करते हुए कहा था कि वह उनके साथ एक और फिल्म करें, जिससे वह भविष्य में बेहतर कमाई कर सकें। एकता कपूर जिस फिल्म की बात कर रही थीं, वह 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा' (2013) थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही थी। अब दोनों 'भूत बंगला' के जरिए एक बार फिर साथ आए हैं। यह फिल्म 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जबकि 16 अप्रैल को इसके पेड प्रिव्यू शो आयोजित किए जाएंगे। फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव, तब्बू, असरानी और वामिका गब्बी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# 'भूत बंगला' का ट्रेलर रिलीज, फीका दिखा कॉमेडी-हॉरर का असर

अभिनेता अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'भूत बंगला' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, लेकिन इसे दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। जहां फिल्म के टीजर और गानों ने पहले उत्सुकता बढ़ाई थी, वहीं ट्रेलर उस माहौल को पूरी तरह बरकरार रखने में सफल नजर नहीं आया। ट्रेलर की शुरुआत वधुसुर नाम की आत्मा से होती है, लेकिन इसमें न तो डर का प्रभाव गहराई से उभरता है और न ही कॉमेडी पूरी तरह असरदार बन पाती है। महल और शादी का सेटअप भी काफी हद तक पारंपरिक और पहले देखे गए कॉन्सेप्ट जैसा लगता है। कई दृश्य अनुमानित प्रतीत होते हैं, जिससे ट्रेलर में सरप्राइज फैक्टर की कमी महसूस की जा रही है। कुछ जगहों पर कॉमेडी ओवरएक्टिंग की वजह से कमजोर पड़ती नजर आती है। फिल्म में राजपाल यादव, परेश रावल, असरानी, तब्बू और वामिका गब्बी जैसे अनुभवी कलाकार शामिल हैं। निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है, जबकि निर्माण एकता कपूर के बैनर तले हुआ है। हालांकि ट्रेलर में इतनी मजबूत स्टारकास्ट का पूरा प्रभाव नजर नहीं आया। अब फिल्म 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसके बाद ही इसकी वास्तविक प्रतिक्रिया सामने आएगी।



## पहली झलक में दिखा 'चांद मेरा दिल' का जादू

अनन्या पांडे और लक्ष्य की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चांद मेरा दिल' का पहला आधिकारिक लुक जारी कर दिया गया है। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी कर रहे हैं। पोस्टर रिलीज के साथ ही दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। जारी किए गए पोस्टर्स में अनन्या और लक्ष्य की रोमांटिक केमिस्ट्री साफ झलक रही है। एक पोस्टर में दोनों एक-दूसरे की बाहों में खोए नजर आते हैं, जबकि दूसरे में क्लासरूम का सीन दिखाया गया है, जहां दोनों की नजदीकियां कहानी के भावनात्मक पहलू को उजागर करती हैं। 'आरव' और 'चांदनी' के किरदारों में नजर आने वाले ये दोनों कलाकार एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। निर्माताओं ने यह भी घोषणा की है कि फिल्म का टीजर 7 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। वहीं, 'चांद मेरा दिल' 22 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इसका मुकाबला बंदर से होगा, जिसमें बॉबी देओल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।





**DBD**
**दो बजे दोपहर**
मुंबई, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026





**वॉर ब्रीफ**

## ईरान से 1777 भारतीय सुरक्षित स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि अजरबैजान और अर्मेनिया की मदद से ईरान से 1777 भारतीय सुरक्षित देश लौटे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने बताया कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ईरान में रह रहे भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित कर रहा। उन्होंने बताया कि वापस वतन लौटने वालों में 895 भारतीय छात्र और 345 भारतीय मछुआरे हैं। मछुआरे ईरान की अलग-अलग कंपनियों में काम करते थे। सभी लोग चार अप्रैल को चेन्नई पहुंचे थे। इन लोगों के साथ एक बांग्लादेशी और एक श्रीलंकाई नागरिक को भी सुरक्षित निकाला गया है। संघर्ष की चपेट में आकर अब तक आठ भारतीयों की मौत हो चुकी है।

## धमकियों का निर्णायक जवाब देंगे: उप विदेश मंत्री

**तेहरान।** ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि ईरान किसी भी आक्रामकता, धमकी या आसन्न खतरे के प्रति निर्णायक जवाब देगा। यह जवाब ऐसा होगा कि हमलावर को पछताना पड़े। गरीबाबादी ने कहा कि ईरान में बिजली संयंत्रों और पुलों पर हमला करने की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियां युद्ध अपराधों की श्रेणी में आ सकती हैं।'द टाइम्स ऑफ इजरायल' के अनुसार, गरीबाबादी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति, अपने देश के सर्वोच्च अधिकारी के तौर पर, सार्वजनिक रूप से युद्ध अपराध करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून के उन प्रावधानों का हवाला दिया जिनका उल्लंघन हो सकता है। उन्होंने आगे कहा, बिजली संयंत्रों और पुलों (नागरिक बुनियादी ढांचे) पर हमला करने की धमकी, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि के अनुच्छेद 8(2)(b) के तहत एक युद्ध अपराध है।

## फोर्स की स्पेशल ऑप्स यूनिट का कमांडर ढेर

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने सोमवार को बताया कि ईरान पर किए गए हमले में ईरान की कुद्स फोर्स की स्पेशल ऑपरेशंस यूनिट के कमांडर असगर बाघेरी को मार गिराया है। कुद्स फोर्स, ईरान के ताकतवर रिवोल्यूशनरी गाड्र्स की विदेशी ऑपरेशंस शाखा है।सेना के बयान में कहा कि रविवार को इजरायली वायुसेना ने, तेहरान में हमला किया और असगर बाघेरी को मार गिराया, जो 2019 से कुद्स फोर्स की स्पेशल ऑपरेशंस यूनिट के कमांडर थे।बाघेरी ने हाल के वर्षों में कुद्स फोर्स के भीतर कई वरिष्ठ पदों पर काम किया था और दुनिया भर में इजरायली और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाने वाले हमलों में शामिल थे।

# मध्यस्थ देशों ने दिया ईरान में 45 दिन के युद्धविराम का प्रस्ताव

एजेंसी । काहिरा

**ईरान में युद्ध खत्म करने की कोशिश कर रहे देशों ने एक प्रस्ताव तैयार किया है, जिसमें 45 दिन के युद्ध-विराम और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की मांग की गई है। प्रस्ताव से परिचित एक व्यक्ति ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह प्रस्ताव रविवार देर रात अमेरिका और ईरान को भेजा गया थी। इसे ईरान के पावर प्लांट और अन्य बुनियादी ढांचों पर होने वाले बड़े हमलों को रोकने की आखिरी कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच सीजफायर कराने के लिए पाकिस्तान सहित अन्य मध्यस्थों ने पूरा जोर लगाया है और 45 दिनों के सीजफायर प्लान पर बातचीत शुरू हो गई है। इस सीजफायर प्लान से युद्ध का हमेशा के लिए अंत भी हो सकता है।**

▸▸ होर्मुज को खोलने का भी जिक्र, ट्रंप ने अभी तक इस पर दस्तखत नहीं किए

▸▸ युद्ध खत्म करने की कोशिश कर रहे देशों ने तैयार किया है प्रस्ताव



### क्या है सीजफायर प्लान?

रिपोर्ट में कहा गया है कि मध्यस्थ दो चरणों वाले एक समझौते की शर्तों पर चर्चा कर रहे हैं। इसमें बताया गया है कि पहला चरण 45 दिन का संभावित सीजफायर होगा, जिसके दौरान युद्ध को हमेशा के लिए खत्म करने पर बातचीत की जाएगी। वहीं दूसरा चरण युद्ध को समाप्त करने के समझौते पर आधारित होगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर बातचीत के लिए और समय की जरूरत पड़ी, तो सीजफायर की अवधि बढ़ाई जा सकती है।

### एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे मध्यस्थ

युद्धविराम के लिए जुटे सभी मध्यस्थ एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने एपी को बताया है कि संघर्षविराम कराने की उनकी सरकार की कोशिशें सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इससे सीजफायर को लेकर उम्मीदें एक बार फिर लौटी हैं। वही क्षेत्र के दो अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान के अलावा तुर्किये और मिस्र के मध्यस्थ भी अमेरिका और ईरान को बातचीत की मेज पर लाने के प्रयास में जुटे हुए हैं।

### ईरान ने रखी हैं शर्तें

एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि होर्मुज को पूरी तरह से खोलने और ईरान के पास अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम होने जैसे मुद्दों को केवल एक अंतिम समझौते के हिस्से के रूप में ही सुलझाया जा सकता है। इसके अलावा मध्यस्थ अमेरिका के लिए विश्वास-बहाली के उपायों पर काम कर रहे हैं और उन कदमों की तलाश कर रहे हैं जिन्हें अमेरिका ईरान की कुछ मांगों को पूरा करने के लिए उठा सकता है। वही ईरान ने युद्ध खत्म करने के शर्त के रूप में युद्ध का हर्जाना और सुरक्षा की गारंटी समेत कई मांगें रखी हैं।

### ट्रंप ने दी है डेडलाइन

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को एक बार फिर धमकी देते हुए कहा कि ईरान के साथ सोमवार तक समझौता होने की प्रबल संभावना है। हालांकि ट्रंप ने यह भी कहा है कि अगर ईरान ने तेजी नहीं दिखाई तो अमेरिका और तेजी से हमले करेगा। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा कि अगर ईरान समझौते की दिशा में तेजी नहीं दिखाता है तो वह सब कुछ उड़ा देने और तेल पर नियंत्रण करने जैसे विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने वार्ता जारी रखने के लिए ईरानी वार्ताकारों को राहत दी है। इससे पहले ट्रंप ने रविवार सुबह एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को नहीं खोला गया तो ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों पर हमले किए जाएंगे। ट्रंप ने अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए ईरान को चेतावनी दी कि अगर जलमार्ग को समुद्री यातायात के लिए नहीं खोला गया, तो ईरान को 'नरक बना दिया जाएगा।

### ईरान ने दिया दो टूक जवाब

वहीं ईरान ने ट्रंप को दो टूक जवाब दे दिया है। ईरान के संस्कृति मंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकियों को खारिज करते हुए उन्हें 'अस्थिर और भ्रम में रहने वाला व्यक्ति' करार दिया। सैयद रजा सालिही-अमीरी ने रविवार को एक साक्षात्कार में कहा कि ईरानी समाज उनके बयानों पर आम तौर पर ध्यान नहीं देता क्योंकि उसका मानना है कि उनमें व्यक्तिगत, व्यवहारिक एवं भाषाई संतुलन का अभाव है और वह लगातार परस्पर विरोधी रुख अपनाते रहते हैं।" सालिही-अमीरी ने कहा कि ऐसा लगता है कि ट्रंप एक ऐसे व्यक्ति बन गए हैं, जिसका पूरा विश्लेषण न तो ईरानी कर पा रहे हैं और न ही अमेरिकी।" उन्होंने यह भी कहा कि होर्मुज 'दुनिया के लिए खुला है, लेकिन ईरान के दुश्मनों के लिए बंद है।'

# ईरान पर हवाई हमलों में 25 से अधिक लोगों की मौत

▸▸ शरीफ यूनिर्सिटी भी बनी निशाना



एजेंसी । तेहरान

इजरायल और अमेरिका ने सोमवार को ईरान पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इन हमलों में 25 से अधिक लोग मारे गए। इजरायल और अमेरिका की सेना ने'साउथ पार्स' प्राकृतिक गैस क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया। रविवार से लेकर सोमवार तक पूरे ईरान में अहवाज, बंदर लेंगेह, करज और शिराज शहरों में हवाई हमले किए गए। बंदर लेंगेह और कोंग शहरों में हुए हमलों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। तेहरान में रातभर धमाकों की गूंज सुनाई दी और राजधानी पर बमबारी के दौरान घंटों तक कम ऊंचाई पर उड़ते विमानों की आवाज आती रही। शहर के आजादी स्क्वायर के पास एक हवाई हमले के बाद घना काला धुआं उठता देखा गया।

### इस्लामशहर के पास 15 लोग मारे गए

अधिकारियों ने बताया कि तेहरान के दक्षिण-पश्चिम में, इस्लामशहर के पास हुए हवाई हमले में 15 लोग मारे गए। सरकारी अखबार 'ईरान डेली' की रिपोर्ट के मुताबिक, कोम शहर के एक रिहायशी इलाके में हुए हमले में पांच और लोग मारे गए, जबकि दूसरे शहरों में हुए हमलों में छह लोगों की जान चली गई। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने बताया कि तेहरान में एक घर पर हुए हवाई हमले में तीन और लोग मारे गए।

### शरीफ यूनिवर्सिटी पर हमले

इजरायल और अमेरिका ने तेहरान की शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पर हवाई हमले किए। ईरानी मीडिया ने बताया कि इन हमलों में यूनिवर्सिटी की इमारतों के साथ-साथ कैंपस के पास मौजूद एक नैचुरल गैस डिस्ट्रिब्यूशन साइट को भी नुकसान पहुंचा है।

## ईरान के खुफिया प्रमुख की मौत

**यरूशलेम।** इजरायल के हवाई हमले में सोमवार को ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) खुफिया प्रमुख मजीद खादेमी की मौत हो गई। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इजरायली वायु सेना के हमले में मजीद की मौत की घोषणा की है। ईरान ने भी उनके मारे जाने की पुष्टि कर दी है। इजरायल ने ईरानी नेताओं को एक-एक करके खत्म करने की धमकी दी। इजरायल डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ मौजूदा हालात पर बैठक के बाद काट्ज ने कहा, ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड नागरिकों पर गोलियां चलाते हैं और हम आतंकवादियों के सरगनाओं को खत्म करते हैं। मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान के नेता उत्पीड़न की भावना के साथ जी रहे हैं। हम एक-एक करके उनका शिकार करना जारी रखेंगे।

# राज्यसभा में 19 सांसदों ने ली शपथ



**मेनका गुरुस्वामी बनीं देश की पहली LGBTQ+ सांसद**

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय संसदीय इतिहास में आज एक नया अध्याय जुड़ गया। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने राज्यसभा कक्ष में नवनिर्वाचित और पुनर्निर्वाचित 19 सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण समारोह का मुख्य आकर्षण मशहूर संवैधानिक वकील डॉ मेनका गुरुस्वामी रहीं। उन्होंने पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद के रूप में शपथ लिया। मेनका गुरुस्वामी देश की पहली ऐसी सांसद हैं, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनी पहचान एक क्वीर (LGBTQ+) के रूप में साझा की है।

### कानूनी लड़ाई से संसद तक का सफर

51 वर्षीय डॉ मेनका गुरुस्वामी का राज्यसभा पहुंचना सामाजिक और राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऑक्सफोर्ड और हार्वर्ड जैसे संस्थानों से शिक्षित गुरुस्वामी को साल 2018 की उस ऐतिहासिक कानूनी जीत के लिए जाना जाता है, जिसमें उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में धारा 377 के खिलाफ लड़ाई लड़कर समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर करवाया था। टीएमसी ने अपनी रणनीति के तहत उन्हें उच्च सदन भेजा है ताकि संसद में संवैधानिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों की आवाज को मजबूती दी जा सके। शपथ लेने के बाद गुरुस्वामी ने दोहराया कि वह संविधान के समानता और भेदभाव रहित मूल्यों को आगे बढ़ाएंगी।

### इन 19 सांसदों ने ली शपथ

समारोह के दौरान कुल 19 सदस्यों ने शपथ ली, जिनमें राजनीति के दिग्गज और नए चेहरे दोनों शामिल रहे। शपथ लेने वाले सदस्यों में रामदास बंधु आठवले, माया चिंतामन इवनाते, शरदचंद्र पवार, रामराव सखाराम वडकुते, डॉ ज्योति नागनाथ वाघमारे, क्रिस्टोफर मणिकम, डॉ अंबुमणि रामदास, कॉन्सटेंटाइन रवींद्रन, एल के सुधीश, डॉ एम थंबीदुरई, तिरुचि शिवा, बाबुल सुप्रिया बराल, डॉ मेनका गुरुस्वामी, राजीव कुमार, रुक्मिणी मलिक (कोयल मलिक), बिस्वजीत सिन्हा, संतृप्त मिश्रा, दिलीप कुमार रे और मनमोहन सामल शामिल हैं।

### भाषाई-क्षेत्रीय विविधता की झलक दिखी

आज के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की 'विविधता में एकता' की स्पष्ट झलक देखने को मिली। कुल 19 सदस्यों में से 6 सदस्यों ने तमिल में, 4 ने बंगाली में, 3 ने मराठी में, 3 ने ओडिया में, 2 ने हिंदी में और 1 सदस्य ने अंग्रेजी में शपथ ली। इस बार राज्यसभा में तमिलनाडु से 6, महाराष्ट्र से 5, पश्चिम बंगाल से 5 और ओडिशा से 3 सदस्य चुनकर आए हैं। इस अवसर पर संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू, जनजातीय कार्य मंत्री श्री जुअल ओराम, राज्यसभा के महासचिव श्री पीसी मोदी और सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## उन्नाव दुष्कर्म मामले में कुलदीप सेंगर को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** उन्नाव दुष्कर्म मामले में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। मामले में उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इस मामले की सुनवाई टाल दी है। अब अदालत मई के पहले सप्ताह में इस पर विचार करेगी। यह सुनवाई केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की उस याचिका पर होनी थी, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के एक फैसले को चुनौती दी गई है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सेंगर की उम्रकैद की सजा को निलंबित करने का आदेश दिया था। मुख्य न्यायाधीश और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने स्पष्ट किया कि अभी नौ न्यायाधीशों की बेंच सबरीमाला मामले की सुनवाई कर रही है। वह काम पूरा होने के बाद ही इस केस को सुना जाएगा। सेंगर के वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत में दलील दी कि उनके मुवक्किल को पीड़िता के पिता की मौत के मामले में भी 10 साल की सजा मिली है। उन्होंने कहा कि सेंगर की 10 साल की सजा जल्द ही पूरी होने वाली है और वह 7 साल 5 महीने जेल में काट चुके हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट में पेश हुए अरविंद केजरीवाल

▸▸ हाई कोर्ट में खुद बहस करेंगे अरविंद केजरीवाल

▸▸ न्यायमूर्ति शर्मा को हटाने की याचिका पर नोटिस जारी



एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने शराब नीति मामले में निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी है, जिस पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने मामले से न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को हटाने की याचिका दायर की है। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर CBI को नोटिस भेजा है। मामले की सुनवाई अब 13 अप्रैल को होगी।

### सीबीआई ने न्यायमूर्ति शर्मा के खिलाफ याचिका का विरोध किया

सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केजरीवाल द्वारा दायर आवेदन पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आवेदन खारिज होता है, तो आवेदन दाखिल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने कहा याचिका पर सुनवाई करेगी और उसने सीबीआई से केजरीवाल की उस याचिका पर जवाब देने को कहा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति मामले में न्यायाधीश को हटाने की मांग की है।

### खुद अपनी पैरवी करेंगे केजरीवाल

केजरीवाल ने मामले में अपने स्व-पहचान संबंधी आवेदन के संबंध में हाई कोर्ट को संबोधित किया। केजरीवाल ने कोर्ट को बताया कि स्वयं अपना प्रतिनिधित्व करने वाले याचिकाकर्ताओं के लिए ई-फाइलिंग की अनुमति नहीं है और वे अपनी याचिका की हार्ड कॉपी लाए हैं। पीठ ने केजरीवाल से पूछा कि क्या आप अपना पक्ष स्वयं रखेंगे? केजरीवाल ने कहा कि मैं मामले की पैरवी खुद करूंगा। मैं अपने कानूनी अधिकारों का इस्तेमाल करूंगा। अभी तक मैंने अपना वकालतनामा जारी नहीं किया है।

# रामजस और मिरांडा कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (DU) के 2 कॉलेजों रामजस कॉलेज और मिरांडा कॉलेज को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि कॉलेज प्रशासन को धमकी वाले ईमेल मिले थे, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पूरे परिसर को खाली करा लिया गया। पुलिस ने बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉयड के जरिए पूरे परिसर की तलाशी ली है। मौके पर अलर्ट जारी है।





### कॉलेज में लगाए गए 13 बम

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कॉलेज के प्रधानाचार्य को भेजे गए ईमेल में लिखा है कि परिसर में कुल 13 बम लगाए गए हैं। धमाका दोपहर तक हो सकता है। सिर्फ मुस्लिम छात्रों को ही कॉलेज परिसर से बाहर निकाला जाए। पुलिस ने बताया कि ईमेल में आपत्तिजनक और सांप्रदायिक भाषा का उपयोग किया गया है और ईमेल से कट्टरता का पता चलता है।

### दिल्ली विधानसभा को भी मिल चुकी है धमकी

इससे पहले एक और धमकी भरा ईमेल कुछ हफ्ते पहले दिल्ली विधानसभा सचिवालय और स्पीकर के ईमेल पते पर आया था, जिसमें धमाके की बात थी। वह ईमेल कथित तौर पर खालिस्तानी संगठन की ओर से भेजा गया था। सोमवार को भेजे गए ईमेल में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके परिवार को निशाना बनाने की भी बात है।

**बंगाल मतदाता सूची**

# संविधान को सजाने वाले नंदलाल बोस के पोते का ही नाम कटा

▸▸ विपक्षी दलों ने निर्वाचन आयोग को घेरा

एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले चल रहा मतदाता सूची संशोधन अभियान (SIR) विवादों के घेरे में आ गया है। इस बार मामला बेहद संवेदनशील है क्योंकि इसमें भारतीय संविधान की मूल प्रति को अपने चित्रों से सजाने वाले महान कलाकार नंदलाल बोस के परिवार का नाम ही सूची से गायब पाया गया है। भारतीय संविधान की मूल प्रति में मोहनजोदड़ो से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस तक के ऐतिहासिक



चित्र बनाने वाले महान कलाकार नंदलाल बोस के पौत्र सुप्रबुद्ध सेन और उनकी पत्नी का नाम मतदाता सूची से गायब मिला है। सुप्रबुद्ध सेन के अनुसार, शुरुआत में उनका नाम 'पेंडिंग' दिखाया गया और बाद में बिना किसी ठोस कारण के उसे पूरी तरह हटा दिया गया।

### 900 जजों ने 27 दिनों में निपटाए 52 लाख केस

ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका (PIL) दायर कर इस SIR प्रक्रिया को चुनौती दी थी। आंकड़ों के अनुसार, 900 न्यायिक अधिकारियों ने मात्र 27 कार्य दिवसों में 52 लाख आपत्तियों का निपटारा किया। यानी हर दिन करीब 1.92 लाख मामलों का फैसला हुआ। इतनी तेज़ गति ने प्रक्रिया की निष्पक्षता और बारीकी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पूर्व जस्टिस भी हुए वोट से वंचित

यह केवल एक परिवार की कहानी नहीं है। कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस शाहिदुल्लाह मुंशी और उनके पूरे परिवार का नाम भी शुरू में हटा दिया गया था। जस्टिस मुंशी ने आरोप लगाया कि नाम हटाने का कोई कारण नहीं बताया गया और दस्तावेज जमा करने पर रसीद तक नहीं दी गई।

# सरकार का रवैया कोरोना महामारी जैसा : राहुल गांधी

एजेंसी । नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव चल रहे है। अब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रही है। इसी बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एलपीजी गैस संकट से उसी तरह निपटा है, जैसे उन्होंने कोविड-19 महामारी से निपटा था। उन्होंने आगे कहा कि क्योंकि



यह नीति से रहित, केवल बड़ी-बड़ी घोषणाओं से भरा है। इसका पूरा बोझ गरीबों पर डाल दिया है।

### नीति का अभाव : राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सवाल उठाया कि हर संकट में सबसे पहले गरीब ही क्यों मरते हैं? वहीं, लोगों से चुप न रहने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने एक्स के एक पोस्ट में कहा, मोदी जी ने कहा था 'हम एलपीजी गैस संकट को उसी तरह संभालेंगे जैसे हमने कोविड को संभाला था।' और वास्तव में, उन्होंने ठीक वैसा ही किया। बिल्कुल कोविड की तरह - नीति का अभाव, बड़ी-बड़ी घोषणाओं से भरा हुआ, और सारा बोझ गरीबों पर डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 500-800 रुपये की मजदूरी कमाने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए खाना पकाने की गैस पूरी तरह से महंगी हो गई है।